हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023    नागपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025    अंक 84/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोथ •सर्वाइकल पेन

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# बांदीपोरा की खाई में गिरा सेना का ट्रक, 4 की मौत, 3 जवान घायल



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सैनिकों को ले जा रहा ट्रक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। यह हादसा बांदीपोरा के एस. के. पायीन इलाके में वुलर व्यूपॉइंट के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में सेना के चार जवान शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। घायल जवान को नजदीक के हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

हादसे की जानकारी देते हुए सेना के अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में एसके पायन के पास सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि चार जवानों की मौत हो गई और एक अन्य को घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मसरत इकबाल ने संवाददाताओं को बताया कि दो सैनिकों को 'मृत अवस्था में लाया गया। उन्होंने कहा, तीन घायलों को होश में लाया गया और फिर उन्हें श्रीनगर रेफर कर दिया गया। श्रीनगर ले जाते समय दो और जवानों की मौत हो गई। 5 दिनों में ये दूसरा ऐसा हादसा हैं। 31 दिसंबर को भी सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ था। ये हादसा पुंछ जिले के मेंढर में एलओसी के पास बलनोई इलाके में हुआ था।

इस हादसे में सेना का वाहन करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में सेना के पांच जवानों की मौत हो गई तो वहीं पांच गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 24 दिसंबर को भी पुंछ जिले के बलनोई सेक्टर में 2 सेना का एक वाहन 300 फीट गहरी खाई में गिर गया था। ये हादसा पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुआ था। इस दर्दनाक हादसे में 5 जवानों की मौत हो गई थी।

### 24 दिसंबर के हादसे में 5 जवान हुए थे शहीद

इसके पहले भी जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के बलनोई सेक्टर में 24 दिसंबर, 2024 को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया था. हादसे में सेना का एक वाहन 300 फीट गहरी खाई में गिर गया था. ये हादसा पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुआ था. इस हादसे में पांच सैनिकों की मौत हो गई थी.

### 31 दिसंबर को भी हुआ था सड़क हादसा

ठीक चार दिन पहले, यानी 31 दिसंबर, 2024 को भी पुंछ जिले के मेंढर में एलओसी के पास बलनोई इलाके में सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ था. ये हादसा शाम छह बजे हुआ था, जब सेना का वाहन कई जवानों को लिए ऑपरेशनल ड्यूटी पर जा रहा था. रास्ते में ही हादसा हुआ और सेना का वाहन करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरा. इस हादसे में भी पांच जवानों की मौत हो गई तो वहीं पांच गंभीर रूप से घायल हो गए.

### एलजी सिन्हा ने घटना पर दुख जताया

बांदीपोरा हादसे पर एलजी मनोज सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए बहुत आभारी है।

## खबरें! एक नजर में!!

### हनुमान मंदिर में दर्शन करने पहुंचे प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली.** बीजेपी उम्मीदवार और पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा शनिवार को परिवार सहित दिल्ली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन करने पहुंचे. यहां आजतक से बात करते हुए उन्होंने जमकर केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि नई दिल्ली सीट से बीजेपी ही जीतेगी. उन्हें यहां से कोई टक्कर देने वाला नहीं है.

### वोटर लिस्ट से कब हटाया जाता है नाम: संजय सिंह

**नई दिल्ली.** संजय सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी वोटर लिस्ट से नाम हटाने के लिए टारगेट अभियान चला रही है. आप सांसद की पत्नी अनीता सिंह ने भी दावा किया था कि बीजेपी के इशारे पर किसी ने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट से उनका नाम हटाने का आवेदन दायर किया. इस पर दिल्ली चुनाव आयोग का स्पष्टीकरण आया.

### 'केजरीवाल को दिल्ली की जनता को हिसाब देना पड़ेगा:' शाह

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि केजरीवाल जब राजनीति में आए तब कहते थे कि हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे, लेकिन आज 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीशमहल बनवा लिया.

### केजरीवाल नहीं बन पाएंगे मुख्यमंत्री: अलका लांबा

**नई दिल्ली.** दिल्ली की राजनीति में नया मोड़! बीजेपी का बड़ा दावा - अरविंद केजरीवाल नहीं बन पाएंगे मुख्यमंत्री. कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बीजेपी ने कहा - केजरीवाल विधायक तो बन सकते हैं, लेकिन सीएम नहीं. दिल्ली में फिर से 'टेंपररी' मुख्यमंत्रियों का दौर शुरू होने की आशंका. बीजेपी ने याद दिलाया - कैसे 15 साल तक शीला दीक्षित ने दी थी स्थिर सरकार. क्या फिर से बदलेगी दिल्ली की सियासी तस्वीर?

### गाजीपुर फ्लाईओवर पर हिट एंड रन

**नई दिल्ली.** दिल्ली के गाजीपुर का मामला सामने आया है. यहां बाइक से जा रहे गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस में तैनात सब-इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार की मौत हो गई. 47 वर्षीय प्रदीप आनंद विहार आईएसबीटी से एनएच-24 की ओर जा रहे थे. इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया.

### दिल्ली में पीएम ने ग्रामीण भारत महोत्सव का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन किया. इस महोत्सव के दौरान, उन्होंने ग्रामीण कलाकारों से मुलाकात की और उनके कला कौशल की प्रशंसा की. यह महोत्सव ग्रामीण संस्कृति और शिल्प के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है.

## पंजाब की महिलाओं ने केजरीवाल के घर के बाहर किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली.** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर पंजाब से आई महिलाओं का जोरदार विरोध प्रदर्शन हो रहा है. महिलाएं पंजाब चुनाव से पहले किए गए ₹1000 मासिक भत्ते के वादे को पूरा करने की मांग कर रही हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीतने के बाद अपना वादा नहीं निभाया. वे दिल्ली की जनता को भी आगाह कर रही हैं कि केजरीवाल के वादों पर भरोसा न करें. महिलाएं विभिन्न जिलों जैसे मोहाली, जालंधर, अमृतसर, संगरूर और पटियाला से आई हैं.

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से मरने वालों की संख्या हुई 6



**चेन्नई.**

तमिलनाडु में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना विरुधुनगर जिले में हुई, जहां राज्य की अधिकांश पटाखा फैक्ट्रियां स्थित हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों की संख्या बढ़ने की संभावना है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग ने आग बुझा दी है और फिलहाल बचाव कार्य में लगा हुआ है। हालांकि विस्फोट का वास्तविक कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि बिजली के रिसाव या पटाखे तैयार करने के दौरान विस्फोटकों के बीच घर्षण के कारण यह विस्फोट हुआ होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने जानमाल के नुकसान पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के लिए 4 लाख रुपये के मुआवजे की भी घोषणा की है। पिछले साल विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्रियों में 17 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई। सितंबर में स्टालिन ने इलाके का दौरा किया और पटाखा फैक्ट्री मालिकों से ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करने का आग्रह किया. आतिशबाजी उद्योग कथित तौर पर विरुधुनगर में 1,150 कारखानों में लगभग चार लाख श्रमिकों को रोजगार देता है, तथा अकेले शिवकाशी में भारत के पटाखा उत्पादन का 70 प्रतिशत हिस्सा होता है। पटाखा बनाने वाली यह फैक्ट्री तमिलनाडु के अप्पानायाकनपट्टी पंचायत के बोम्मयपुरम गांव में है. फैक्ट्री के मालिक का नाम बालाजी बताया जा रहा है. पुलिस की टीम हादसे के कारणों का पता लगा रही है. विरुधुनगर में कई फैक्ट्रियां हैं और इस इलाके में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं. बताया जा रहा है कि हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है. इससे पहले फरवरी 2024 को एक पटाखा विरुधुनगर की एक अन्य पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हआ था, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी.

### धमाके के बाद ढहे 4 कमरे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैक्ट्री में चार कमरे थे, जो धमाके के बाद ढह गए। सूचना के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ।

इस हादसे में 6 शवों की पहचान की गई है. घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतकों की हुई पहचान, यह पटाखा फैक्ट्री अप्पानायकनपट्टी पंचायत के बोम्मयपुरम गांव में स्थित है, जिसे बालाजी नाम का व्यक्ति चलाता है। यह हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री चालू थी और कर्मचारी अपने नियमित काम में व्यस्त थे। मृतकों की पहचान वेलमुरुगन, नागराज, कन्नन, कामराज, शिवकुमार और मीनाक्षी सुंदरम के रूप में हुई है, जिनकी विस्फोट में मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में विरुधुनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अजमेर शरीफ दरगाह चादर भेजी



**अजमेर.** अभी कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर भेट की थी. शनिवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 813वें उर्स के खास अवसर पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू प्रधानमंत्री द्वारा भेजी गई चादर को अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया. अब खबर आई है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 813 वें उर्स के अवसर पर शनिवार को अपने और अपनी पार्टी की तरफ से चादर भेजी.

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कि पूरी दुनिया को इससे यह संदेश जाना चाहिए कि हिंदुस्तान में क़ौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़ें इतनी गहरी हैं. वे चंद झोंकों और विकृत सोच के लोगों द्वारा हिलाई नहीं जा सकती हैं. खरगे ने कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को यह चादर भेंट की और इसे जल्द ही अजमेर शरीफ दरगाह पर पेश किया जाएगा.

कांग्रेस अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा, "इंतेहाई अक़ीदत व एहतराम के साथ मैं ख़्वाजा गरीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती के 813 वें उर्स मुबारक के मौके पर अपनी और कांग्रेस पार्टी की ओर से चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशक़िस्मत महसूस कर रहा हूं.

## बेऊर जेल अधीक्षक के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई ने छापा मारा

**पटना.** आर्थिक अपराध इकाई ने पटना में बड़ी कार्रवाई की है. बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार के ठिकानों पर ईओयू ने छापेमारी की है. आरोप है कि उन्होंने आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है. पूर्णिया, मधुबनी और कटिहार जेल में अधीक्षक के पद पर रहते हुए भी उन पर कई गंभीर आरोप लगे थे. विधु कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास के अलावे उनके पैतृक गांव स्थित आवास पर भी आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापा मारा है. बेऊर काराधीक्षक बनने के बाद और उससे पहले की उनकी कमाई और वेतन के साथ-साथ पूर्वजों की संपत्ति का भी मिलान किया जा रहा है, क्योंकि आरोप है कि उन्होंने आय से काफी अधिक संपत्ति अर्जित की है. अधिकारियों ने उनकी संपत्तियों और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है. बेऊर जेल अधीक्षक बनने से पहले विधु कुमार पूर्णिया, मधुबनी और कटिहार जेल में भी अधीक्षक के पद पर रह चुके हैं. उस दौरान भी उन पर कई गंभीर आरोप लगे थे.

## सीएम योगी से मिले कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल



**यूपी.** उत्तर प्रदेश में चल रही सियासी हलचल के बीच कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है. जानकारी के अनुसार 3 जनवरी (शुक्रवार) की शाम को आशीष पटेल मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे, जहां दोनों के बीच करीब आधे घंटे की मुलाकात हुई. ये मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब एक दिन पहले ही आशीष पटेल ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा था और यूपी सरकार के अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिए थे. सीएम योगी ने आशीष पटेल से पूरे मामले की जानकारी ली है और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उन्होंने इस मामले पर आगे कोई बयानबाजी नहीं करने की भी सलाह दी. मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आज आशीष पटेल दिल्ली भी पहुंच रहे हैं. माना जा रहा है कि वो दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे. दरअसल, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने प्रौद्योगिकी विभाग में नियमों का उल्लंघन कर पैसे लेकर पदोन्नति किए जाने के आरोप लगाए थे. इसके बाद से मामला तूल पकड़ता जा रहा है.

## लालू यादव ने बुलाई आरजेडी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



**पटना.** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर 18 जनवरी को पार्टी (राजद) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में बुलाई गई है. बैठक में कार्यकारिणी से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है. राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पटना के होटल मौर्य अशोक हॉल (लोकनायक जयप्रकाश नारायण सभागार) में बैठक होगी. बैठक में पार्टी की भविष्य की दिशा और चुनावी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं. साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर विचार किया जाएगा.

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ आने के खुले ऑफर दिए जाने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है. राजद के अध्यक्ष ने बीते दिनों कहा था कि सीएम नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं. वह साथ में आएं और काम करें. वह अगर महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं तो आ जाएं. लालू यादव के इस बयान को लेकर प्रदेश की सियासत में चर्चा का बाजार गरम है. उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले तेजस्वी यादव ने कहा था कि नीतीश कुमार के लिए राजद और महागठबंधन के दरवाजे बंद हैं.

## दरभंगा में पुलिस वालों पर अटैक

**पटना.** दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाना क्षेत्र के अभंडा गांव में अपराधी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया. पुलिस पर न केवल पत्थरबाजी की गई, बल्कि उनके हथियार छीनने की भी कोशिश हुई. इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है.

दरअसल, पुलिस टीम फरार चल रहे जितेंद्र कुमार यादव को कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार करने पहुंची थी. जितेंद्र के खिलाफ वारंट और कुर्की की कार्रवाई का मामला चल रहा था. जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो गांव के लोग उग्र हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया. इस हमले में पुलिसकर्मियों पर जमकर पत्थरबाजी की गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. हमलावरों ने पुलिस के हथियार छीनने का प्रयास भी किया.

इस पूरे मामले की सूचना तत्काल जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दरभंगा के सिटी एसपी अशोक कुमार और सदर एसडीपीओ अमित कुमार समेत भारी पुलिस बल को मौके पर भेजा गया. घटना के बाद पुलिस ने इलाके में सख्ती बढ़ा दी है. आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. इस मामले का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि किस कदर बवाल हुआ. इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा.

## दिल्ली में आज कई मेट्रो कॉरिडोर का होगा उद्घाटन

### सीएम आतिशी ने दी जानकारी

**नई दिल्ली.**



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि (रविवार 5 जनवरी) 2 महत्वपूर्ण विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा. पहला है- रिठाला से कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का शिलान्यास और जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क मेट्रो का उद्घाटन. दूसरा, कल आरआरटीएस के पहले चरण का उद्घाटन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि रविवार का दिन दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर के ग्रोथ में महत्वपूर्ण दिन है.

उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ जो दो प्रोजेक्ट हुए उसका उद्घाटन किया जाएगा. दोनों मेट्रो के प्रोजेक्ट हैं जो दिल्ली सरकार और केंद्र का ज्वाइंट वेंचर हैं. उन्होंने कहा कि दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में कल ऐतिहासिक दिन होगा, जब रिठाला से कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का शिलान्यास और जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया जाएगा. प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम ने बीते 10 साल में मेट्रो के तेज विस्तार का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली मेट्रो का बड़े स्तर पर विस्तार हुआ है. सीएम ने कहा कि 2014-15 तक दिल्ली में 193 किमी मेट्रो लाइनें थीं, जो अब बढ़कर 393 किमी हो गई हैं, और 250 किमी नई लाइनें बिछाने का काम जारी है. प्रतिदिन यात्रियों की संख्या भी 2014 में 24 लाख से बढ़कर 2024 में 60 लाख तक पहुंच गई है. आज आरआरटीएस का भी इनॉग्रेशन होगा, इसके आगे सीएम आतिशी ने कहा कि कल आरआरटीएस का भी इनॉग्रेशन होगा. उन्होंने कहा कि ये जॉइंटली शुरू हुआ प्रोजेक्ट है. दिल्ली, केंद्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में भी इसका हिस्सा है. दिल्ली सरकार ने इसके लिए 1260 करोड़ दिए हैं. उन्होंने बताया कि आरआरटीएस के पहले हिस्से का उद्घाटन कल होगा.

### 'मेट्रो की जितनी बढ़ोत्तरी 10 साल में हुई इससे पहले कभी नहीं हुई'

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में कई मेट्रो लाइंस का एक्सटेंशन हुआ. ग्रीन लाइन वायलेट लाइन की शुरुआत हुई. 10 साल में पिंक लाइन बनी साउथ को ईस्ट दिल्ली से कनेक्ट किया गया. मजेंटा लाइन बनी. एयरपोर्ट मेट्रो का एक्सटेंशन हुआ है. सीएम ने कहा कि दिल्ली मेट्रो की जितनी बढ़ोतरी 10 साल में हुई इससे पहले कभी नहीं हुई. इससे अर्थव्यवस्था बढ़ी.

## अरविंदर लवली गांधी नगर, कैलाश गहलोत बिजवासन से होंगे बीजेपी के उम्मीदवार



**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपनी बहुप्रतीक्षित पहली सूची जारी कर दी है. इस लिस्ट में 29 उम्मीदवारों को पार्टी ने टिकट दिया है. साथ ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से बगावत कर बीजेपी में शामिल होने वालों पर भी पार्टी ने भरोसा जताया है. इसमें कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद और अरविंदर सिंह लवली का नाम शामिल है. बीजेपी ने कैलाश गहलोत को बिजवासन विधानसभा सीट से टिकट दिया है, वहीं, राजकुमार आनंद को पटेल नगर तो अरविंदर सिंह लवली को गांधीनगर सीट से बीजेपी ने टिकट दिया है. इसके अलावा बीजेपी की पहली लिस्ट में दो पूर्व सांसदों- प्रवेश वर्मा और रमेश बिधूड़ी को टिकट मिला है.

CMYK

# बजट की तैयारी में जुटा वित्त मंत्रालय

## > इन कंपनियों के साथ हुई वित्त मंत्री की चर्चा

**नई दिल्ली :**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार, 1 फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी. उन्होंने नई दिल्ली में कैपिटल बाजार और वित्तीय क्षेत्र के हितधारकों के साथ सातवें बजट से पहले मीटिंग की अध्यक्षता की. बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख अधिकारियों में वित्त सचिव, अन्य वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे. चूंकि बजट शनिवार को पड़ रहा है, इसलिए एक्सचेंजों ने शेयर बाजारों को कारोबार के लिए खुला रखने का फैसला किया है.

3 जनवरी को हुए वित्त मंत्रालय की प्री-बजट बैठक मीटिंग में वित्तीय संस्थानों, विदेशी बैंकों के साथ वित्त मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए.



संस्थानों ने अपनी जरूरतों और मांगों को मंत्रालय के साथ साझा किया. इस दौरान एचएसबीसी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका और बंधन बैंक समेत विभिन्न संस्थानों के अधिकारी भी मौजूद रहे.

इक्विटी बाजारों में दोपहर 3.30 बजे तक नियमित कारोबार होगा, कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार शाम 5 बजे तक जारी रहेगा. वित्तीय क्षेत्र ने कैपिटल बाजार की दक्षता बढ़ाने और व्यापक कंसोलिडेशन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है. एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक और सीईओ राधिका गुप्ता ने कहा कि डेट और इक्विटी दोनों बाजारों में दीर्घकालिक बचत को प्रोत्साहित करना अधिक निवेशक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि इस तरह के उपाय न केवल बचत को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि पूंजी बाजारों को व्यापक आबादी के लिए अधिक सुलभ बनाकर आर्थिक विकास और वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देंगे. इस क्षेत्र ने अपनी व्यापक सिफारिशों के हिस्से के रूप में सावधि जमा पर कर लाभ की भी वकालत की है.

### पहले जैसलमेर में आयोजित की गई थी बैठक

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 दिसंबर 2024 को केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों (यूटी) के साथ महत्वपूर्ण प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की थी. यह बैठक राजस्थान के शहर जैसलमेर में आयोजित की गई थी. इसका उद्देश्य अलग-अलग राज्यों और यूटी से सुझाव और इनपुट प्राप्त करना था. केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस बैठक में उपस्थित रहे थे.

# प्रॉपर्टीज की कीमतों में 55 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली :**

सेविल्स इंडिया की 3 जनवरी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में निर्माणाधीन संपत्तियों की कीमत में लगभग 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. सबसे ज्यादा इजाफा गुरुग्राम और मुंबई में अंडर कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टीज की कीमतों में क्रमश: 55 फीसदी और 10 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है. रिपोर्ट में कहा गया है, "गुरुग्राम और मुंबई की अंडर कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टीज के प्राइस में 55 फीसदी और 10 फीसदी की वृद्धि देखने को मिला है. जबकि बेंगलुरु और उत्तरी गोवा में पिछले वर्षों की तुलना में 25 फीसदी और 16 फीसदी की वृद्धि देखी गई.

मौजूदा प्राइस में मूवमेंट स्ट्रांग डिमांड बेस को दर्शाता है, जो बाजार में पॉजिटिव सेंटीमेंट दिखा रही है. बेहतर फैसिलिटीज, क्वालिटी स्पेसिफिकेशन वाले प्रोजेक्ट्स की शुरुआत ने खरीदारों को अंडर कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टीज में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया. रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख शहरों में तैयार प्रॉपर्टीज की भी कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिली है. साल भर में यहां पर औसतन 25 फीसदी तक का इजाफा देखने को



मिला है. सेविल्स इंडिया में हाउसिंग सर्विस की एमडी श्वेता जैन ने कहा कि 2024 में लग्जरी घरों की बिक्री के कई प्रमुख कारण हैं. जिसमें मजबूत आर्थिक विकास और आधुनिक जीवन शैली के साथ सुविधा-संपन्न संपत्तियों की बढ़ती भूख शामिल है. दिसंबर 2022 तक नोएडा में किराए में 12-22 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की गई. नोएडा में पूरे हो चुके और अंडर कंस्ट्रक्शन का एवरेज कैपिटल वैल्यू माइक्रो मार्केट में साल-दर-साल आधार पर 1 फीसदी -24 फीसदी की सीमा में बढ़ा है. नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और नोएडा के दूसरे माइक्रो मार्केट में कंप्लीटिड प्रॉपर्टीज के कैपिटन वैल्यू में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिला है. जिसमें साल-दर-साल 24 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई.

# एफ़ डी पर अब बढ़कर मिलेगा ब्याज




**नई दिल्ली.** पंजाब नेशनल बैंक ने अपने कस्टमर्स को नए साल का बंपर तोहफा दिया है. बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट को बढ़ा दिया है. बैंक ने ब्याज दरों में यह संशोधन कुछ चुनिंदा टेन्योर के लिए किया है जो 3 करोड़ रुपये से कम की जमाराशि के लिए दो नई अवधि जोड़ी गई है. पीएनबी ने सामान्य नागरिकों के लिए 303 दिन की अवधि पर इंटरेस्ट रेट 7 प्रतिशत तय किया है, जबकि 506 दिन की अवधि के लिए 6.7 प्रतिशत इंटरेस्ट रेट तय किया है.

इसके तहत इंवेस्टर्स फिक्स्ड डिपॉजिट में एकमुश्त राशि जमा कर सकते हैं, जिस पर उन्हें इंटरेस्ट बढ़कर मिलेगा. सेविंग्स अकाउंट के मुकाबले फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंटरेस्ट अधिक मिलेगा. नई जानकारी के अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक सामान्य नागरिकों के लिए 7 दिनों से 10 साल तक की अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 3.5 प्रतिशत से 7.25 प्रतिशत तक इंटरेस्ट देगा. जबकि 400 दिनों की अवधि के लिए इंटरेस्ट रेट 7.25 प्रतिशत तय किया गया है.

# एक दर्जन से अधिक मॉडल लॉन्च करने की योजना

**गुरुग्राम.**

भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 2025 में एयर कंडीशनर के एक दर्जन से अधिक मॉडल लॉन्च करने की योजना बनाई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण कोरिया की उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी अपने उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाना चाहती है और भारत में रूम एसी सेगमेंट में एक पसंदीदा ब्रांड बनना चाहती है।

सैमसंग के नए एसी मॉडल कंपनी के मालिकाना हक वाले बीस्पोक एआई समाधानों से पावर्ड होंगे और इसके द्वारा उन उपभोक्ताओं को लक्षित किया जाएगा जो प्रीमियम एसी खरीदना चाहते हैं। विश्लेषकों का



कहना है कि रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की श्रेणियों में सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज के घरेलू उपकरणों को भारतीय बाजार में बहुत अच्छाश रिस्पॉशन्सी मिला है और यह सैमसंग को रूम एयर कंडीशनर सेगमेंट में विस्तार करने के लिए एक मजबूत शुरुआत देता है।

कंपनी की योजना से अवगत डीलरों ने कहा कि सैमसंग की नई एसी रेंज शक्तिशाली एयर कंडीशनर को लेकर उपभोक्ता ओं की मांग को पूरा करेगी। इस रेंज में तेज और आरामदायक कूलिंग, ऊर्जा की बचत, सहूलियत और ड्यूरैबिलिटी को खूबसूरती के साथ मिलाया गया है। भारतीय रूम एयर-कंडीशनर (आरएसी) उद्योग उल्लेखनीय विकास के लिए तैयार है और कई विश्लेषकों ने 2025 में बिक्री की मात्रा में 20% से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज तीन अरब डॉलर लोन लेने जा रही

**नई दिल्ली.**

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज दुनिया के 11 बड़े बैंकों से तीन अरब डॉलर लोन लेने जा रही है. यह लोन रिलायंस इंडस्ट्रीज डॉलर और येन दो करेंसी में लेगी. पांच साल के लिए लोन की यह डील पिछले महीने तीन महीने की सेक्योर्ड फाइनांसिंग ओवरनाइट रेट के आधार पर 120 बेसिस प्वाइंट के ऊपर फाइनल हुई है.

इनमें से 450 मिलियन डॉलर का लोन जापानी मुद्रा येन में मिलना तय हुआ है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह रिलायंस इंडस्ट्रीज की पिछले दो साल की सबसे बड़ी लोन डील है. आमदनी के मामले में देश के इस सबसे बड़े कॉरपोरेशन ने पांच साल के इस लोन के लिए 11




बैंकों के कंसोर्टियम के साथ सौदा पक्का कर लिया है.

तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र तक की दिग्गज कंपनी रिलायंस 2025 में इस लोन के एक हिस्से के रिपेमेंट की भी तैयारी कर रही है. रिलायंस 700 मिलियन डॉलर फंड लेकर उपयोग कर चुकी है और अगली तिमाही में जरूरत के मुताबिक और भी फंड लेने जा रही है. इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक लोन का एसओएफआर रिपोर्ट मिड दिसंबर तक 4.8 फीसदी के आस-पास था. इसमें 120 प्वाइंट जोड़ने के बाद डॉलर में मिलने वाला लोन छह फीसदी की दर पर रहेगा. येन में मिलने वाले लोन का रेट जापानी बेंचमार्क तीन महीने के टोक्यो इंटरबैंक ऑफर रेट से 75 बेसिस प्वाइंट ऊपर की दर पर रहेगा. लोन की यह डील पिछले महीने फाइनल हुई है.रिलायंस ने अपनी फाइनेंशियल फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाने के लिए यह लोन लिया है.

भारत की सबसे अधिक मजबूत साख वाली कंपनियों में से एक रिलायंस को लोन की जरूरतों की भरपाई करने और रिस्क कैपेसिटी बढ़ाने के लिए 11 बैंकों के साथ ही कुछ और बैंक भी लोन देने वाले कंसोर्टियम में ज्वाइन कर सकते हैं.

# क्या जल्द लागू हो सकता है 8 वां वेतन आयोग ?



**नई दिल्ली :** आठवें पे कमीशन को लेकर एक बार चर्चा फिर से शुरू हो गई है.जब-जब इसकी चर्चा होती है, तब-तब सरकारी कर्मचारियों की खुशी बढ़ जाती है. अभी हाल ही में सरकारी कर्मचारियों के संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 8वें वेतन आयोग को लागू करने की अपील की है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर वेतन आयोग लागू होता है तो सरकारी कर्मचारियों की 186 फीसदी तक तनख्वाह बढ़ जाएगी.

केंद्र सरकार ने 2026 में 7वां वेतन आयोग लागू किया है और ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी कि इस साल फरवरी महीने में सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दे सकती है. लेकिन वित्त मंत्रालय की ओर से राज्यसभा में कहा कि सरकार अभी इस बारे में कोई विचार नहीं कर रही है. हमारी योजना में फिलहाल अभी 8वां वेतन आयोग लागू करना नहीं है. केंद्रीय कर्मचारी कई दिनों से सरकार से 8वें वेतन आयोग को लागू करने की मांग कर रहे हैं, जिसे नेशनल काउंसिल ऑफ जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (एनसी-जेसीएम) के कर्मचारी पक्ष के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने अपना समर्थन दिया है.गोपाल मिश्रा ने कहा कि वेतन आयोग 2.86 फिटमेंट फैक्टर की मांग कर रहे हैं, अगर सरकार इस मांग को मान लेती है, तो कर्मचारियों की सैलरी में 186 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है. अगर वेतन आयोग लागू हुआ तो 18,000 रुपये की सैलरी बढ़कर 51,480 रुपये हो जाएगी. वहीं, इसके अलावा पेंशन भी 9,000 रुपये से बढ़कर 25,740 रुपये हो सकती है.

# भारत में स्मार्टफोन मार्केट का बदलेगा सीन

**नई दिल्ली.**

भले ही चीन और अमेरिका दुनिया में वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़े मार्केट हो, लेकिन अब भारत ने इस मार्केट में अपनी रफ्तार पकड़ ली है. एपल और सैमसंग की अगुवाई में प्रीमियम स्मार्टफोन की मांग बढ़ने से साल 2025 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट का साइज 50 अरब डॉलर (लगभग 4,28,900 करोड़ रुपए) से अधिक हो जाने का अनुमान है. जिसके बाद बाद भारत इस मामले में चीन और अमेरिका के नजदीक पहुंच जाएगा. आइए आपको भी बताते हैं.

एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में उपभोक्ता अब प्रीमियम स्मार्टफोन का रुख कर रहे हैं जिससे कुल बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी लगातार बढ़ती



जा रही है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत का स्मार्टफोन मार्केट वर्ष 2025 में 50 अरब डॉलर को पार करते हुए अपने उच्चतम स्तर तक पहुंचने की राह पर है. एपल और सैमसंग जैसे ब्रांड प्रीमियम और अल्ट्रा-प्रीमियम खंड में प्रतिस्पर्धी उत्पादों को पेश कर इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं.

प्रीमियम फोन के प्रति रुझान बढ़ने की वजह से भारत के स्मार्टफोन मार्केट का एवरेज रिटेल सेल प्राइस इस साल पहली बार 300 डॉलर (लगभग 25,700 रुपए) को पार करने की उम्मीद है.

वर्ष 2021 में भारतीय स्मार्टफोन बाजार का साइज 37.9 अरब डॉलर (लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए) रहा था. वित्त वर्ष 2023-24 में एपल ने भारत में मोबाइल फोन कारोबार से कुल 67,121.6 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया था जबकि सैमसंग ने 71,157.6 करोड़ रुपए की कमाई की. रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल मैन्युफैक्चरिंग और अपने आईफोन प्रोडक्ट्स की कीमतों में हालिया कटौती के कारण एपल को अपने 'प्रो-सीरीज' की मांग में मजबूती देखने की उम्मीद है. इस बीच, सैमसंग की प्राइस-सेंट्रिक रणनीति खासकर 'एस-सीरीज़' के साथ गति पकड़ रही है.

# 39.4 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है राजस्व

**नई दिल्ली.**

उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं की मदद से 720 से अधिक कंपनियों का राजस्व 5-6 वर्षों में बढ़कर 459 अरब डॉलर (39.4 लाख करोड़ रुपये) तक जा सकता है। गोल्डमैन सैश के अनुसार, योजना का लक्ष्य विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना, आयात कम करना, निर्यात को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पैदा करना है। रिपोर्ट के अनुसार, एनर्जी ट्रांजिशन में एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी



में तीन परियोजनाएं 2.3 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 24.7 अरब डॉलर का राजस्व हासिल कर सकती हैं।

95 परियोजनाओं के साथ ऑटोमोबाइल व ऑटो कलपुर्जा क्षेत्र ने पहले ही 3.2 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 1.3 अरब डॉलर की बिक्री हासिल की है। दूरसंचार व नेटवर्किंग उत्पाद ने पहले ही 8.3 अरब डॉलर की बिक्री हासिल की है। 14 सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल परियोजनाओं से तीन अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 64.6 अरब डॉलर के राजस्व की उम्मीद है। सेमीकंडक्टर में 9.5 अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 53.1 अरब डॉलर राजस्व मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 4.8 अरब डॉलर के प्रोत्साहन के साथ 130.1 अरब डॉलर के राजस्व का अनुमान है। आईटी हार्डवेयर को 2.1 अरब डॉलर के प्रोत्साहन से 24.8 अरब डॉलर के राजस्व की उम्मीद है।


निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी
शनि साप्ताहिक लॉटरी
सोडत वेळ 4:45 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 01 • तिकीट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 04/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3243 | 3561 | 2212 | 1246 | 5547 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1917 | 2467 | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1916 | 3471 | 7919 | 8191 | 8540 | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1142 | 1832 | 1869 | 4077 | 5074 | 5566 | 6233 | 7432 | 7825 | 8310 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0045 | 2922 | 4468 | 5072 | 5409 | 5446 | 6239 | 6824 | 6914 | 8062 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. | 0550 | 1361 | 2272 | 3377 | 4555 | 5170 | 6363 | 7297 | 8167 | 8994 |
| 300/- | 0576 | 1363 | 2290 | 3473 | 4564 | 5228 | 6372 | 7365 | 8189 | 9009 |
| 0000 | 0604 | 1501 | 2327 | 3757 | 4572 | 5433 | 6423 | 7496 | 8216 | 9105 |
| 0007 | 0667 | 1602 | 2420 | 3808 | 4574 | 5528 | 6469 | 7628 | 8280 | 9217 |
| 0016 | 0695 | 1627 | 2466 | 3836 | 4594 | 5549 | 6546 | 7639 | 8289 | 9262 |
| 0017 | 0740 | 1727 | 2563 | 3937 | 4597 | 5572 | 6563 | 7713 | 8290 | 9306 |
| 0020 | 0750 | 1735 | 2707 | 4025 | 4611 | 5588 | 6601 | 7727 | 8380 | 9403 |
| 0052 | 0922 | 1764 | 2721 | 4037 | 4639 | 5697 | 6616 | 7741 | 8418 | 9492 |
| 0059 | 1019 | 1810 | 2821 | 4049 | 4647 | 5854 | 6778 | 7777 | 8430 | 9565 |
| 0060 | 1113 | 1917 | 2862 | 4119 | 4773 | 5901 | 6843 | 7779 | 8431 | 9599 |
| 0068 | 1124 | 2038 | 2955 | 4177 | 4884 | 5912 | 6861 | 7885 | 8491 | 9638 |
| 0200 | 1136 | 2077 | 3053 | 4325 | 4920 | 5924 | 6864 | 7924 | 8680 | 9791 |
| 0263 | 1137 | 2170 | 3093 | 4353 | 4954 | 6013 | 6867 | 7937 | 8686 | 9805 |
| 0297 | 1153 | 2220 | 3095 | 4399 | 4986 | 6159 | 6912 | 7956 | 8815 | 9847 |
| 0308 | 1164 | 2232 | 3117 | 4426 | 5065 | 6163 | 7048 | 7972 | 8848 | 9909 |
| 0393 | 1206 | 2233 | 3170 | 4444 | 5090 | 6256 | 7077 | 7977 | 8881 | 9915 |
| 0476 | 1213 | 2238 | 3173 | 4484 | 5115 | 6291 | 7081 | 7995 | 8891 | 9937 |
| 0528 | 1292 | 2247 | 3330 | 4504 | 5151 | 6296 | 7088 | 8084 | 8936 | 9952 |
| 0540 | 1312 | 2253 | 3353 | 4545 | 5152 | 6338 | 7178 | 8103 | 8981 | 9989 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 25/01/2025
14 लाख
2.5 लाख
20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि साप्ताहिक लॉटरी सोडत दिनांक 04/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah


# सोने की कीमतें लगभग स्थिर

**नई दिल्ली.**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव लगभग स्थिर रूप 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। गुरुवार को यह कीमती धातु 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी 230 रुपये टूटकर 90,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,630 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 130 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत छह रुपये की तेजी के साथ 77,723 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एवं करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक



जतिन त्रिवेदी ने कहा, "घरेलू बाजार में सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जबकि कॉमेक्स पर सोने का भाव 2,655 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर रहा।" त्रिवेदी ने कहा कि बाजार सीमित गतिविधियों के साथ स्थिर बना हुआ है, क्योंकि प्रतिभागी अगली दिशा निर्धारित करने के लिए आगे के वैश्विक संकेतों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एशियाई बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 1.05 प्रतिशत बढ़कर 30.22 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कमोडिटी रिसर्च विश्लेषक मानव मोदी के अनुसार, बाजार सहभागियों का ध्यान भू-राजनीतिक तनावों की ओर स्थानांतरित हो रहा है, जिससे बाजार में तनाव बढ़ रहा है और सोने और डॉलर दोनों को समर्थन मिल रहा है। मोदी ने कहा कि निवेशकों का ध्यान शुक्रवार को जारी होने वाले अमेरिकी विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों पर रहेगा, जो सर्राफा कीमतों की दिशा के बारे में और संकेत देंगे।


महाराष्ट्रलक्ष्मी साप्ताहिक लॉटरी
सोडत दर शनिवारी
तिकीट किंमत रु. 50/-
सोडत क्र. 01 सोडत दिनांक 04/01/2025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | ML-05 : 2141 | | | | | |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | 2141 | | | | | |
| 2000/- | 1014 | 4309 | 4821 | 5563 | 5754 | 6239 |
| 1000/- | 1094 | 1208 | 1474 | 4616 | 6225 | 6284 |
| 500/- | 1055 | 2455 | 2580 | 3216 | 3945 | 6325 |
| 200/- | 2512 | 3452 | 3737 | 4614 | 5362 | 6795 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रु. 100/- | (सर्व मालिकांसाठी) | 1877 | 2257 | 2729 | 3198 | 3603 | 4048 | 4468 | 4824 | 5355 | 5731 | 6186 | 6610 |
| | | 1887 | 2262 | 2734 | 3236 | 3610 | 4077 | 4471 | 4830 | 5364 | 5753 | 6206 | 6619 |
| 1001 | 1358 | 1891 | 2273 | 2750 | 3247 | 3635 | 4114 | 4480 | 4840 | 5377 | 5754 | 6207 | 6621 |
| 1010 | 1399 | 1892 | 2275 | 2792 | 3259 | 3636 | 4138 | 4481 | 4849 | 5379 | 5775 | 6248 | 6629 |
| 1031 | 1407 | 1910 | 2276 | 2826 | 3292 | 3647 | 4146 | 4501 | 4851 | 5398 | 5785 | 6254 | 6640 |
| 1036 | 1409 | 1912 | 2280 | 2836 | 3293 | 3648 | 4154 | 4502 | 4889 | 5399 | 5791 | 6266 | 6641 |
| 1046 | 1410 | 1913 | 2281 | 2845 | 3299 | 3670 | 4161 | 4534 | 4897 | 5406 | 5795 | 6270 | 6652 |
| 1066 | 1412 | 1971 | 2283 | 2875 | 3305 | 3673 | 4166 | 4546 | 4915 | 5419 | 5796 | 6275 | 6654 |
| 1075 | 1417 | 1974 | 2286 | 2878 | 3308 | 3674 | 4184 | 4563 | 4917 | 5434 | 5800 | 6280 | 6661 |
| 1077 | 1489 | 1981 | 2294 | 2918 | 3315 | 3681 | 4193 | 4566 | 4921 | 5451 | 5801 | 6287 | 6677 |
| 1097 | 1490 | 1989 | 2317 | 2919 | 3317 | 3693 | 4194 | 4578 | 4926 | 5455 | 5803 | 6318 | 6684 |
| 1100 | 1491 | 1997 | 2328 | 2921 | 3328 | 3712 | 4199 | 4580 | 4928 | 5475 | 5819 | 6326 | 6708 |
| 1111 | 1500 | 2012 | 2341 | 2928 | 3331 | 3720 | 4205 | 4584 | 4929 | 5505 | 5827 | 6343 | 6725 |
| 1112 | 1511 | 2027 | 2342 | 2938 | 3339 | 3733 | 4213 | 4586 | 4937 | 5507 | 5853 | 6345 | 6729 |
| 1132 | 1512 | 2038 | 2346 | 2951 | 3344 | 3737 | 4227 | 4609 | 4942 | 5512 | 5855 | 6353 | 6745 |
| 1156 | 1577 | 2053 | 2402 | 2957 | 3361 | 3745 | 4245 | 4623 | 4943 | 5514 | 5860 | 6360 | 6763 |
| 1157 | 1581 | 2055 | 2444 | 2963 | 3367 | 3748 | 4257 | 4635 | 4948 | 5516 | 5862 | 6361 | 6764 |
| 1158 | 1601 | 2084 | 2450 | 2973 | 3375 | 3770 | 4276 | 4652 | 4950 | 5527 | 5885 | 6367 | 6767 |
| 1164 | 1611 | 2147 | 2457 | 2976 | 3380 | 3773 | 4284 | 4658 | 4953 | 5532 | 5893 | 6379 | 6768 |
| 1168 | 1629 | 2189 | 2490 | 2993 | 3381 | 3774 | 4285 | 4695 | 4964 | 5541 | 5897 | 6413 | 6770 |
| 1180 | 1657 | 2200 | 2502 | 2998 | 3382 | 3775 | 4291 | 4697 | 4967 | 5552 | 5905 | 6433 | 6786 |
| 1201 | 1677 | 2201 | 2510 | 3006 | 3385 | 3781 | 4294 | 4699 | 5054 | 5561 | 5925 | 6446 | 6788 |
| 1217 | 1683 | 2209 | 2513 | 3011 | 3393 | 3789 | 4301 | 4710 | 5063 | 5577 | 5927 | 6454 | 6798 |
| 1241 | 1714 | 2212 | 2521 | 3017 | 3423 | 3840 | 4318 | 4740 | 5084 | 5579 | 5943 | 6460 | 6805 |
| 1245 | 1744 | 2213 | 2560 | 3034 | 3451 | 3862 | 4350 | 4741 | 5094 | 5588 | 5947 | 6464 | 6836 |
| 1252 | 1761 | 2215 | 2561 | 3074 | 3473 | 3866 | 4364 | 4747 | 5099 | 5591 | 5951 | 6492 | 6843 |
| 1255 | 1771 | 2216 | 2563 | 3079 | 3495 | 3867 | 4404 | 4748 | 5146 | 5595 | 5968 | 6503 | 6880 |
| 1267 | 1781 | 2219 | 2589 | 3098 | 3516 | 3926 | 4411 | 4749 | 5153 | 5603 | 6026 | 6525 | 6881 |
| 1268 | 1811 | 2220 | 2595 | 3116 | 3518 | 3970 | 4412 | 4762 | 5173 | 5636 | 6030 | 6530 | 6888 |
| 1281 | 1812 | 2224 | 2607 | 3119 | 3530 | 3987 | 4416 | 4764 | 5184 | 5642 | 6038 | 6533 | 6890 |
| 1289 | 1813 | 2233 | 2611 | 3123 | 3539 | 4001 | 4423 | 4777 | 5214 | 5650 | 6050 | 6537 | 6960 |
| 1299 | 1814 | 2236 | 2682 | 3130 | 3543 | 4004 | 4432 | 4779 | 5225 | 5657 | 6056 | 6543 | 6961 |
| 1300 | 1815 | 2242 | 2683 | 3153 | 3549 | 4038 | 4438 | 4780 | 5254 | 5691 | 6061 | 6547 | 6968 |
| 1310 | 1818 | 2244 | 2717 | 3155 | 3553 | 4041 | 4455 | 4784 | 5296 | 5700 | 6096 | 6577 | 6986 |
| 1318 | 1831 | 2247 | 2720 | 3184 | 3568 | 4043 | 4456 | 4793 | 5313 | 5705 | 6163 | 6584 | 6988 |
| 1354 | 1847 | 2256 | 2724 | 3193 | 3574 | 4045 | 4464 | 4814 | 5353 | 5717 | 6168 | 6606 | 6996 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत
सोडत दिनांक 18/01/2025
50 लाख
10 लाख
5 लाख
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 04/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah


# चौथे हफ्ते घटा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली.**

भारत की इकोनॉमी को लेकर एक और बुरी खबर सामने आ गई है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे हफ्ते कम हुआ है. जिसकी वजह से देश का फॉरेक्स 8 महीने के लोअर लेवल पर आ गया है. इन 4 हफ्तों में विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 18 अरब डॉलर तक की गिरावट देखने को मिल चुके हैं. जबकि पिछले हफ्ते भारत के फॉरेक्स में 4 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है. वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व 16.400 अरब डॉलर से ज्यादा पहुंच गया है.

भारत से लेकर पाकिस्तान के सेंट्रल बैंकों ने किस विदेशी मुद्रा भंडार के किस तरह के आंकड़े पेश किए हैं.

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.11 अरब डॉलर घटकर 640.28 अरब डॉलर रहा. इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर पर आ गया था. विदेशी मुद्रा भंडार



### पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में इजाफा

वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के फॉरेक्स रिजर्व में बढ़ोतरी देखने को मिली है. आंकड़ों के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बताया कि पाकिस्तान का कुल तरल विदेशी मुद्रा भंडार 37.2 मिलियन डॉलर बढ़कर 27 दिसंबर 2024 तक 16.409 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 20 दिसंबर 2024 को यह 16.370 बिलियन डॉलर था. बाहरी ऋण भुगतान के कारण पिछले सप्ताह के अंत में एसबीपी के भंडार में 143 मिलियन डॉलर से 11.711 बिलियन डॉलर की कमी देखी गई. दूसरी ओर, वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रखा गया शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 180 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.698 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्तीय क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का संकेत देता है.

में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है. इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है. विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 4 हफ्तों से गिरावट देखने को मिल रही है. इस दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 17.81 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है. जिसके बाद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8 महीने के लोअर लेवल पर पहुंच गया है. सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था. उसके बाद से अब तक इसमें 64.6 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिल चुकी है.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# रविवारीय

## सुविचार

जिंदगी एक खूबसूरत सफ़र है
हर दिन को एक नए अध्याय के रूप में जिएं

## सेहत

# ये 3 सीड्स सर्दियों में रोज खाएं

सर्दियों के मौसम में शरीर को हेल्दी बनाए रखना काफी मुश्किल हो जाता है. ठंड के मौसम में अक्सर छोटी सी लापरवाही में ही शरीर को बीमारियां घेर लेती हैं. ऐसे में इस मौसम में आपको खासतौर पर अपनी डाइट में ऐसी चीजें जरूर शामिल करनी चाहिए जो शरीर को अंदर से पोषण दें और उसे गर्म बनाए रखें. ठंड में आपके लिए सीड्स का सेवन बहुत लाभकारी हो सकता है. सीड्स (बीज) स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं क्योंकि इनमें प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. खासकर सर्दियों में इनका सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है. ये इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ-साथ शरीर को गर्माहट भी पहुंचाते हैं. सीड्स को कच्चा खाया जा सकता है लेकिन इन्हें भिगोकर या भूनकर खाना भी ज्यादा लाभकारी होता है क्योंकि ऐसा करने से उनमें मौजूद पोषक तत्वों को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद मिलती है. यहां हम कुछ सीड्स के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें सर्दी के मौसम में अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए.



- अलसी के बीज: अलसी के बीज ओमेगा 3 फैटी एसिड का बढ़ियो सोर्स होते हैं जो हड्डियों को मजबूत करते हैं और हार्ट के लिए भी फायदेमंद होते हैं. अलसी में की हेल्दी फैटी एसिड भी होते हैं जो आपकी स्किन के लिए बहुत अच्छे होते हैं. ये आपकी स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं क्योंकि अलसी में ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन ई होता है जो कोलेजन प्रोडक्शन में मदद करता है और आपकी स्किन को लंबे समय तक जवान रखता है.
- चिया सीड्स: चिया सीड्स वेट लॉस के मामले में जितने पॉपुलर हैं, उतने ही स्किन के लिए भी फायदेमंद होते हैं. चिया सीड्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है. चिया सीड्स में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट, फ्री रैडिकल्स से लड़ते हैं और हार्ट हेल्थ और कैंसर जैसी बीमारियों से बचाते हैं. चिया सीड्स में मौजूद फाइबर, वजन घटाने में मदद करता है और पाचन को दुरुस्त रखता है. चिया सीड्स में कैल्शियम, मैग्नीशियम, और फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं.
- कद्दू के बीज: कद्दू के बीज भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं क्योंकि इनमें एंटीऑक्सिडेंट्स, हेल्दी फैट और मिनरल्स होते हैं. ये कोशिकाओं को पोषण देते हैं और नुकसान से बचाते हैं. कद्दू के बीजों में मौजूद मैग्नीशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है. कद्दू के बीजों में मौजूद विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सिडेंट्स त्वचा को नमी देते हैं और उसे जवान रखने में मदद करते हैं. ये बालों को भी मजबूत बनाते हैं.

# 1 जनवरी 2025 से पैदा हुए बच्चे होंगे जनरेशन बीटा



अभी तक हम जेन जी और जेन अल्फा के बीच अंतर करना सीख ही रहे थे कि एक और जेनरेशन आ गई है. इस नई जेनरेशन का नाम है 'जेनरेशन बीटा'. एक जनवरी 2025 से जन्मे बच्चों को 'जेनरेशन बीटा' नाम दिया गया है. आमतौर पर किसी भी जेनरेशन का नाम उस वक्त के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक घटनाओं के आधार पर तय किया जाता है. किसी जेनरेशन की शुरुआत और अंत उस समय की कोई बड़ी घटना (युद्ध, आर्थिक वृद्धि या फिर कोई बड़ा टेक्नोलॉजी बदलाव) के अधार पर रखा जाता है. ये जेनरेशन आमतौर पर 15-20 साल की अवधि की होती हैं.

तो चलिए जानते हैं जेनरेशन का नाम और उनके पीछे की कहानी. जीआई जेनरेशन 1901-1927: इस समय पैदा होने वाले जेनरेशन को ग्रेटेस्ट जनरेशन के नाम से जाना जाता है. इस जेनरेशन के ज्यादातर लोगों ने ग्रेट डिप्रेशन (महामंदी) का दुख झेला था. इस समय पैदा होने वाले ज्यादातर बच्चे सैनिक बने और वर्ल्ड वॉर 2 में देश की रक्षा के लिए भाग लिया. इस समय अपने परिवार का पालन-पोषण करना एक उपलब्धि माना जाता था. इस पीढ़ी का अपने काम पर काफी ज्यादा फोकस था, जो उनकी पहचान बन गई. उन्होंने जो अनुभव किया था वह अपने अगली पीढ़ियों को भी विरासत में सौंपा था.

साइलेंट जनरेशन: 1928-1945 , बेबी बुमेर जनरेशन: 1946-1964, महामंदी और वर्ल्ड वॉर 2 के परिणामों के कारण इस जेनरेशन को साइलेंट जनरेशन के नाम से जाना जाता है. इस जेनरेशन के बच्चे मेहनती और आत्मनिर्भर थे.इस जेनरेशन का नाम बेबी बूमर्स वर्ल्ड वॉर 2 के बाद जनसंख्या में भारी वृद्धि के कारण रखा गया. इस जेनरेशन ने आधुनिकता को अपनाया. बेबी बूमर्स जेनरेशन के लोगों ने अपने बच्चे को नए तरीके से बड़ा किया. इनके लिए टेक्नोलॉजी नई थी.

जेनरेशन एक्स: 1965-1980: जेनरेशन एक्स के लिए भी टेक्नोलॉजी नया था. इस युग में इंटरनेट और वीडियो गेम की शुरुआत हुई. इस जेनरेशन के लोग तेजी से बदलती दुनिया में बड़े हुए थे. इस जेनरेशन के पेरेंट्स ने अपने बच्चों को हर तरह की सुविधा देने की कोशिश की.

मिलेनियल्स या जेनरेशन वाय: 1981-1996: जेनरेशन वाय को मिलेनियल्स नाम से जाना जाता है. इस जेनरेशन के लोगों ने सब से ज्यादा बदलाव को देखा और सीखा है. इस जेनरेशन के लोगों ने टेक्नोलॉजी के साथ खुद को अपडेट किया है.

जेनरेशन जेड: 1997-2009: इस जेनरेशन को जन्म के तुरंत बाद ही इंटरनेट और सोशल मीडिया जैसा प्लेटफॉर्म मिल गया था. डिजिटल युग में पली-बढ़ी यह जेनरेशन स्मार्टफोन और इंटरनेट के बिना जीने की कल्पना भी नहीं करती. इस जेनरेशन को अच्छे से पता है कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया से पैसे कैसे कमा सकते हैं.

जेनरेशन अल्फा: 2010-2024: यह पहली पीढ़ी है जिनके जन्म से पहले ही सोशल मीडिया और इंटरनेट प्लेटफॉर्म था. ये सबसे कम उम्र की नई पीढ़ी है. इस जेनरेशन के बच्चे के माता-पिता इंटरनेट, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के साथ बड़े हुए हैं.

1 जनवरी 2025 से जेनरेशन बीटा का दौर शुरू हुआ. इस साल 2025 में जिन बच्चों का जन्मे बच्चो को 'बीटा किड्स' कहा जाएगा. ये जेनरेशन बीटा: 2025-2039 तक रहेगा. ये बच्चे ऐसी दुनिया में बड़े होंगे जहां टेक्नोलॉजी जिंदगी का एक अहम हिस्सा होगी. जेनरेशन बीटा के जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दखल ज्यादा होगा.

## रिलेशनशिप

### रिश्ते में हमेशा रहेगी मिठास

# शादीशुदा जीवन सफल बनाने की 3 आदतें



शादी-शुदा जीवन को सफल बनाने के लिए प्यार के साथ ही सम्मान और समझ बेहद जरूरी होती है. ज्यादातर जोड़ों के बीच समय के साथ इन चीजों का तालमेल बनने लगता है लेकिन कई जोड़ों के बीच इस तालमेल और संतुलन के ना बन पाने के कारण रिश्ते में आए दिन मनमुटाव होता रहता है जो आगे चलकर खटास बन जाता है. बात तब और बढ़ जाती है जब वैवाहिक जोड़े अपने बीच की खटास और गलतफहमी को दूर नहीं करते हैं या चाहकर भी कर नहीं पाते हैं. ऐसे में रिश्तों के बीच की खटास खाई बनने लगती है जिसे अगर जल्द से जल्द खत्म ना किया जाए तो रिश्ते में खटास बढ़ने लगती है. ऐसे में यहां हम आपको कुछ तीन चीजें बता रहे हैं जो हर शादी-शुदा कपल को अपने जीवन में अपना लेनी चाहिए.

प्यार और सराहना करें: पति और पत्नी को हमेशा एक-दूसरे से प्यार का इजहार करना चाहिए और साथ ही एक-दूसरे की सराहना भी करनी चाहिए. ऐसी चीजें जिनसे आपका साथी खुशी महसूस करता है, उन्हें अपने अपने शादी-शुदा जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए. आप अपनी शादी के शुरुआती दिनों के दिनों के बारे में सोचें कि आपके बीच वो कौन सी बातें और चीजें थीं जो आपको एक-दूसरे के करीब लेकर आई थीं. उन्हें दोबारा अपने जीवन में ढालें. उदारण के लिए एक-साथ बैठकर भोजन करना, दूर होने पर एक-दूसरे को मैसेज या कॉल करके हाल-चाल लेना और एक-दूसरे के साथ समय बिताना. आप उन पुरानी आदतों को अपनाकर अपने रिश्ते को फिर से मिठास से भर सकते हैं.

रिश्ते में अहंकार ना आने दें: पति-पत्नी का रिश्ता जीवनभर का होता है, उन्हें हमेशा एक-साथ रहना है इसलिए किसी भी विवाद की स्थिति में अपने पार्टनर के सामने में झुकने में हिचक ना करें. अपने रिश्ते में अहंकार ना आने दें. हमेशा अपनी बात पर अड़े रहना और दूसरों को नहीं सुनना ना केवल निजी बल्कि पेशेवर जिंदगी में भी हानिकारक हो सकता है. यह अहंकार की निशानी है. इसलिए चाहें पति हो या पत्नी, इस आदतों को छोड़कर रिश्ते में प्यार बढ़ाने का प्रयास करें.

रिश्ते में सम्मान है बेहद जरूरी: जीवनसाथी के प्रति प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी है. हर रिश्ते में एक ऐसा मोड़ आता है जब आपके पार्टनर को आपके व्यवहार या मुंह से निकली हुई किसी बात से शर्मिंदगी महसूस हो सकती है इसलिए मनमुटाव की स्थिति में भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखें. ऐसा करने से रिश्ते में मजबूती बनी रहती है. आपका सम्मानपूर्वक व्यवहार आपके बीच के रिश्ते में खाई को बढ़ने नहीं देता है.

# नए साल में वेट लॉस के टिप्स

रात 12 बजते ही नए साल 2025 का वेलकम किया. कई लोगों ने पार्टीज और हाउस पार्टीज कीं. वहीं मंदिरों में भी देर रात भीड़ देखी गई. नए साल की शुरुआत में कई लोग अलग-अलग तरह के रेजोल्यूशन लेते हैं ताकि आने वाले समय में वे अपने आपको फिट बना सकें.नए साल पर हर साल जिम में मेंबर्स बढ़ जाते हैं क्योंकि वजन कम करना और हेल्दी रहना लोगों की पहली प्रयोरिटी बनती जा रही है. ऐसे में जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उन्हें कुछ बेसिक चीजों को फॉलो जरूर करना चाहिए ताकि वह इस साल अपने आपको फिट करने का रेजोल्यूशन पूरा कर सकें. तो आइए आज हम आपको कुछ बेसिक तरीके बताते हैं जिससे वजन कम हो सकता है.

बड़े गोल न लें: कई लोग साल के शुरुआत में ही इतने बड़े गोल्स ले लेते हैं कि कुछ ही दिन में वो गिव-अप कर जाते हैं. इसलिए हमेशा छोटे-छोटे गोल्स बनाएं और फिर उन्हें हासिल करें. उदाहरण के लिए पहले आप डिसाइड करें कि आपको रोजाना जिम जाना है. कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करना है या फिर 1 महीने में 5 किलो से 15 किलो तक वजन बराबर स्ट्रेंथ बढ़ानी है. ऐसा करने से आप अपने आपमें इम्प्रूवमेंट भी देख लेंगे.

गोल पूरा होने पर अपने आपको रिवॉर्ड दें: आखिरकार, हम इंसान हैं तो अगर हम कोई अपने लिए गोल बनाते हैं और उसे पूरा करने पर अगर खुदको रिवॉर्ड देंगे तो आपको और मोटिवेशन मिलेगा. उदाहरण के लिए यदि आपने गोल बनाया किआपको 50 किलो तक वजन उठाना है. अब अगर आप वो उठा लेते हैं तो अपने आपको सिर्फ शाबासी देकर न छोड़े, बल्कि अपने आपको रिवॉर्ड दें. जैसे, 1 चीट मील या 1 जिम शूज़ खरीदें.

जिम जरूर जाएं: माना कि एक्सरसाइज कहीं भी की जा सकती है लेकिन जिम इसलिए जाना चाहिए ताकि लोगों को एक्सरसाइज करके देखकर आप भी थोड़ी एक्सरसाइज करें. अगर आपका शुरुआत में मन नहीं भी लगता है तो लोगों को वर्कआउट करता देख आपका भी मन होगा और फिर धीरे-धीरे वर्कआउट की आदत पड़ जाएगी. वर्कआउट आप अगर थोड़ा भी करेंगे तो उसका असर आपको अपनी बॉडी पर दिखेगा ही.

रिसर्च करते रहें: माना कि हर कोई पर्सनल ट्रेनर की फीस नहीं दे सकता. तो यकीन मानिए आप अगर अपने मन के सवालों को गूगल करेंगे तो आपको फिटनेस संबंधित हर सवाल का जवाब मिल जाएगा. कैलोरी काउंट, मैक्रोज़ के बारे में पढ़ें - यह जानने के लिए कि आप क्या कर रहे हैं और सिर्फ इसलिए न करें क्योंकि हर कोई ऐसा करता है.



# बर्फ से सफेद हुआ कश्मीर....



श्रीनगर हो या गुलमर्ग या पुंछ... पूरा कश्मीर बर्फिस्तान बना हुआ है, डल झील जमी हुई है, ऐसा लग रहा है कि सबकुछ जम गया है. कश्मीर की असली तस्वीर अब नज़र रही है. जिधर देखो बर्फ ही बर्फ है लेकिन बर्फबारी ने ज़िंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है. नए साल पर देश का मौसम भी ज़बरदस्त बदल रहा है. नए साल की शुरुआत ज़ोरदार ठंड और भीषण बर्फबारी के साथ हुई. जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बीच नए साल के जश्न में लोग डूबे हैं हालांकि ये बर्फबारी लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है और कई जगह पर बर्फबारी ब्लैक आइस में बदल रही है. वो ब्लैक आइस जिससे गाड़ियों के फिसलने और हादसे होने का खतरा बढ़ जाता है. श्रीनगर हो या गुलमर्ग या पुंछ... पूरा कश्मीर बर्फिस्तान बना हुआ है, डल झील जमी हुई है, ऐसा लग रहा है कि सबकुछ जम गया है. कश्मीर की असली तस्वीर अब नज़र रही है. जिधर देखो बर्फ ही बर्फ है लेकिन बर्फबारी ने ज़िंदगी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है. बिगड़ते मौसम ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. कई इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है. डल झील पर बर्फ की सतह बन चुकी है. कोई शिकारा या हाउस बोट भी नहीं चल पा रही है. रेलवे ट्रैक पूरी तरह से बर्फ में दब चुका है. रास्तों से बर्फ हटाते हटाते लोग थक गए तो जेसीबी बुलानी पड़ी. पेड़ भी सफेद बर्फ की चादर लपेटे हुए नज़र आ रहे हैं. गुलमर्ग में भी भीषण बर्फबारी हो रही है, इससे टूरिस्टों की लॉटरी सी लग गई है. मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी कर दिया गया है. 2 जनवरी से कश्मीर में एक और बर्फबारी का दौर शुरू होगा. इस बार बर्फबारी से कश्मीर के किसानों में नई उम्मीद है. किसानों का कहना है कि बर्फबारी से सेब की बागवानी अच्छी होगी. टूरिस्टों को भी ये बर्फ बहुत लुभा रही है लेकिन अब ये बर्फ टूरिस्टों के लिए भी काल बन सकती है. दरअसल बर्फबारी रुकने के बाद आसमान साफ बना हुआ है और तापमान गिरना शुरू हो गया है. तापमान गिरने और आसमान साफ होने पर बर्फ सख्त होना शुरू हो जाता है. इसे ही ब्लैक आइस कहते हैं और ये ब्लैक आइस फिसलन बढ़ा देती है, जिससे गाड़ियां फिसलने लगती हैं और एक्सिडेंट के खतरे बढ़ जाते हैं.

# बालों को जड़ से काला बनाएगा ये देशी नुस्खा

जब लोगों के कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते हैं तो वे काफी चिंता में चले जाते हैं। इसके लिए वे बाजार से काफी प्रोडेक्ट उपयोग में लेने लगते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि इसके लिए आप केमिकल वाले हेयर प्रोडक्ट या फिर डाई का इस्तेमाल करें। ऐसे में आज एक ऐसा देशी नुस्खा बताएंगे जिसका उपयोग आपके बालों को काला करेगा। इसके बाद आपको बाजार से कोई हेयर प्रोडक्ट या फिर डाई लेने की आवश्यकता नहीं रहेगी। बढ़ती उम्र के साथ बालों का सफेद होना आम बात मानी जाती है। लेकिन समस्या तब आती है जब बाल समय से पहले ही सफेद होने लगते हैं। यह समस्या अब युवाओं में होने लगी है। यह तब होती है जब मेलेमिल की कमी होने लगती है। मेलेमिल बालों को काला रखता है। लेकिन जब इसकी कमी हो जाती है बाल सफेद होने शुरू हो जाते हैं। यदि आपको घर पर ही बाल काले करने है तो आपको इसके लिए सामग्री तैयार कर तेल बनाना होगा। उसके लिए सरसों का तेल, आंवला पाउडर, कॉफी, भृंगराज, हिना पाउडर की आवश्यकता पड़ेगी। आपको सबसे पहले सबसे पहले पैन में तेल डालकर उसको हल्की आंच में पकने देना है। इसके बाद तेल में सरसों का तेल, भृंगराज, आंवला पाउडर, कॉफी,और हिना पाउडर डालकर सभी चीजों को 5-8 मिनट तक काला होने तक पकने देना है। सभी चीज पक जाने के बाद तेल को छान लेना है। इसके बाद रोग इस तेल का उपयोग करना है।

# वीजा-फ्री देशों में जाएं घूमने



अगर 2025 में हनीमून का प्लान कर रहे हैं तो इस वीजा-फ्री देशों में जाएं घूमने। इन देशों में बिना वीजा के आप आराम से जा सकते हैं और अपने हनीमून को खास और यादगार बना सकते हैं। अपने शादीशुदा जीवन में प्यार की मिठास घोलने के लिए ये हनीमून डेस्टिनेशन परफेक्ट होंगे। यहां हम आपको 8 ऐसे वीजा फ्री देशों की लिस्ट दे रहे हैं, जहां आप अपनी पत्नी के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। श्रीलंका: यह एक वीजा फ्री देश है, जो अपने हनीमून ट्रिप के लिए शानदार चॉइस हो सकता है। अगर आप अपने पार्टनर के साथ किसी अच्छे हनीमून डेस्टिनेशन की तलाश में हैं, तो यहां का खूबसूरत रिसॉर्ट, समुद्र और हरे-भरे दृश्य आपके मन को लुभा सकते हैं, जिससे आपका रोमांटिक हनीमून बेहद यादगार बीतेगा। यह हनीमून के लिए एक काफी पॉपुलर देश है। मालदीव: मालदीव भी एक वीजा फ्री देश है। यह डेस्टिनेशन कपल्स के लिए बेहद फेमस है। यहां के प्राइवेट आईलैंड और वॉटर विला काफी अच्छे हैं, अगर आपको पर्सनल स्पेस की जरूरत है। यहां का दृश्य बेहद रोमांटिक होता है, जिससे आप अपनी पत्नी के साथ शांतिपूर्ण लम्हे बिता सकते हैं। मॉरीशस: अगर आप सोच रहे हैं कोई खूबसूरत डेस्टिनेशन जहां आप और आपकी पत्नी के अलावा कोई न हो, तो यह भी एक खूबसूरत वीजा फ्री देश है, जहां आप अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। सेशेल्स: यह वीजा फ्री देश है, जहां नीला समुद्र और सॉफ्ट रेत वाला किनारा है। यहां का दृश्य वाकई देखने लायक है, और यहां पर अक्सर भारतीय हनीमून एंजॉय करने के लिए आते हैं। अगर आप 2025 में हनीमून प्लान कर रहे हैं, तो यह जगह आपके और आपके पार्टनर के लिए शानदार होगी। इसे भी पढ़ें- सर्दियों में कर रहे हैं हनीमून प्लानिंग तो इन ट्रेंडी ड्रेस आइडियाज से बनाएं अपना लुक खास भूटान: भूटान भी वीजा फ्री देशों में से एक है, जहां आप पारो, थिम्पू और पुनख जैसे खूबसूरत जगहें घूम सकते हैं। यहां की प्राकृतिक हसीन वादियां आपके मन को शांति देने में मदद कर सकती हैं, और यहां के पहाड़ों के खूबसूरत दृश्य को आप अपने पार्टनर के साथ एंजॉय कर सकते हैं।


# हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि




आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैद्यों की सलाह से करे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.



## शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


**नागपुर मेट्रो समाचार** : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# मा.सा. कन्नमवार रजत जयंती समारोह का शानदार आयोजन

> मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस 10 जनवरी को चंद्रपुर में > विधायक किशोर जोरगेवार की अगुवाई में विभिन्न समारोहों का आयोजन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**




10 जनवरी को प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक भवन में आयोजित जिले के सपूत प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व . मा. सा. कन्नमवार के शताब्दी रजत जयंती समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस शामिल होंगे। समारोह के स्वागताध्यक्ष विधायक किशोर जोरगेवार, पूर्व मंत्री शोभा फड़नवीस और विधायक कीर्ति कुमार भांगडिया तथा रजत महोत्सव समिति के निमंत्रण के बाद वे भी इस समारोह में शामिल होंगे. मा.सा. कन्नमवार की 125 वीं शताब्दी रजत जयंती समिति द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी गयी.

आज मा. सा कन्नमवार 125 वीं शताब्दी रजत जयंती समिति की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मा.सा. कन्नमवार शताब्दी रजत जयंती समारोह के अध्यक्ष किशोर जोरगेवार , उपाध्यक्ष अशोक पुल्लावार , लक्ष्मणराव धोबे , सचिव अवधूत कोटेवार , कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र कन्नमवार , चंद्रपुर जिला बेलदार समाज के अध्यक्ष विजय बोरगामवार , मिलिंद बांदीवार , प्रभा चिलके , विजय टोंगे , प्रभाकर पारखी, अशोक जीवतोड़े, राजू बोरेवार, पूर्व नगर सेवक राजेंद्र अड़पेवार, विनोद पेंडलीवार, अविनाश बोर्गमवार, सुभाष नागुलावार आदि उपस्थित थे।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री, चंद्रपुर के बेटे मा. सा. कन्नमवार की जयंती के अवसर पर शताब्दी रजत महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस भी चंद्रपुर के बेटे हैं। इसलिए महोत्सव समिति की ओर से इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया गया था. इसके बाद हमने मुख्यमंत्री का समय लिया और उन्हें मुंबई के उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया. हम उनसे इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करते हैं। अब उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी दी है और उन्होंने कहा कि महोत्सव समिति की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. इस अवसर पर 10 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं. सुबह 8.30 बजे कर्मवीर दादासाहब कन्नमवार की पूर्णाहुति प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। नौ बजे वसंत भवन से प्रभात फेरी निकाली जायेगी . इसमें स्कूली छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। तो 12 बजे प्रियदर्शनी में आयोजित मा. सा कन्नमवार शताब्दी समारोह शुरू होने वाला है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस करेंगे और राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर विशेष अतिथि होंगे और पूर्व विपक्षी नेता विजय वडेट्टीवार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. इसके अलावा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किशोर जोरगेवार मंच पर मौजूद रहेंगे. मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिभा धानोरकर, पूर्व मंत्री और बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधीर मुनगंटीवार , शिक्षक विधायक सुधाकर अदबले , राजुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवराव भोंगले , चिमूर गढ़चिरौली लोकसभा क्षेत्र के सांसद नामदेव किरसन , स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अभिजीत वंजारी , चिमूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कीर्तिकुमार भांगड़िया, वरोरा के विधायक करण देवतले, भद्रावती विधानसभा क्षेत्र, , पूर्व मंत्री शोभा फड़नवीस , पूर्व विधायक वामनराव चटप ग्रामीण विकास संस्थान के सचिव डॉ. राहुल कन्नमवार और अन्य उपस्थित रहेंगे।

## गढ़चिरोली के विकास कार्यों के लिए पूर्व सासंद अशोक नेते की कलेक्टर अविशांत पांडा से चर्चा

**गढ़चिरोली.**



गढ़चिरोली के विकास कार्यों के लिए पूर्व सासंद अशोक नेते ने कलेक्टर अविशांत पांडा से मुलाकात की, इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद अशोक नेते ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान, अशोक नेते ने जिला कलेक्टर के साथ गढ़चिरोली जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। गढ़चिरोली के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर गहन विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रकाश गेडाम भी उपस्थित थे. इस दौरे से जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश तय होने की उम्मीद है।

## किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन देने की मांग: सांसद प्रतिभा धानोरकर

> मांग पूरी ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**चंद्रपुर.**



2018 के बाद से कई किसानों ने कृषि पंप बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है और सरकार की उदासीन नीति के कारण किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को भेजे गये पत्र के माध्यम से सांसद प्रतिभा धानोरकर अपना रोष जताया है.

चंद्रपुर जिले में 1596 किसानों ने कृषि सिंचाई के लिए कृषि पंप बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है और उन्हें अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है. सरकार किसानों को कृषि पंपों में सौर ऊर्जा लगाने के लिए मजबूर कर रही है। एमईआरसी के नियमों के मुताबिक, सरकार किसानों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। इसलिए जमा राशि का भुगतान कर चुके किसानों को तत्काल कृषि पंप बिजली कनेक्शन देने की मांग की गई है. सांसद प्रतिभा धानोरकर ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि उक्त मांग को शीघ्र पूरा किया जाए। उक्त मांग पूरी नहीं होने पर किसानों द्वारा महावितरण कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी सांसद प्रतिभा धानोरकर ने पत्र द्वारा दी.

## चंद्रपुर जिला भोई समाज सेवा संघ का वार्षिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**चंद्रपुर.**




चंद्रपुर जिला भोई समाज सेवा संघ द्वारा आयोजित उपवर उपवधू वार्षिक बैठक हाल ही में स्वतंत्रता सेनानी जातिराम बर्वे परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम की प्रस्तावना केंद्रीय सचिव श्रीहरि शेंडे ने की. बैठक की अध्यक्षता चंद्रपुर जिला भोई समाजसेवा संघ के अध्यक्ष कृष्णराव नागपुरे ने की. पूर्व सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य चन्द्रलाल मेश्राम, संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के संचालक डॉ. गजानन कामड़े, कार्यकारी अध्यक्ष जिला संघ. योगेश दुधपचारे, विदर्भ विकास बोर्ड नागपुर के सेवानिवृत्त निदेशक प्रकाश डायरे, सामाजिक कार्यकर्ता अजय राव कोटापल्लीवार, सर्वोदय कॉलेज सिंदेवाही के प्राचार्य डॉ. राजेश डहारे, संघर्ष वाहिनी नागपुर के संयोजक दीनानाथ वाघमारे, विदर्भ भोई समाज सेवा संघ के महासचिव मनोहरराव पचारे, शिव सेना नेता सुरेश पचारे, शिव सेना जिला अध्यक्ष बंडू हजारे और चंद्रपुर जिला सेंट्रल बैंक के उपाध्यक्ष यशवंतराव दिघोरे मंच उपस्थित थे.

इस सभा में 13 नि:शुल्क सामूहिक विवाह का भी आयोजन किया गया। इस सभा में समाज में अच्छे कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया. इस वर्ष का फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता महाराष्ट्र के भोई समुदाय की एक महिला आशा बावने का विशेष अभिनंदन किया गया। इस वर्ष की सभा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके लिए चंद्रपुर के कान नाक गला एवं ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अजय कांबले, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत नागपुरे और जनरल सर्जन मोनिका नागपुरे को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की. इस अवसर पर रंगोली, नकल, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। चंद्रपुर जिला भोई समाजसेवा संघ की सभा विदर्भ की सबसे बड़ी सभा मानी जाती है. इस बार भी पूरे विदर्भ से चार से पांच हजार नागरिकों, समाजजनों और युवतियों ने इस सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. एकलव्य छात्रावास के छात्रों और समुदाय के सदस्यों ने सभा के सफल आयोजन के लिए अथक प्रयास किया।

## आज भाजपा का संगठन पर्व, सदस्यता पंजीकरण अभियान

> ग्रेडिंग कार्यकर्ता की नहीं, बूथ की है: राहुल पावड़े

**चंद्रपुर.**

आज से भाजपा महानगर द्वारा आयोजित महाअभियान रैली के साथ सदस्यता पंजीकरण की शुरूआत हो रही है। सभी कार्यकर्ता पार्टी के काम को बढ़ाने, हर बूथ पर कम से कम 250 सदस्यता दर्ज कराने के लक्ष्य के साथ काम करने जा रहे हैं। भाजपा में पदानुक्रम कभी कार्यकर्ता का नहीं, बूथ का होता है। पार्टी में कार्यकर्ता का स्थान सर्वोच्च होता है। हर बूथ को मजबूत बनाना पार्टी का आसान और नियमित काम है. जो बूथ आज कमजोर है वह कल मजबूत होगा। वास्तव में, इसी कारण से बूथों का वर्गीकरण किया जाता है, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल पावड़े ने कहा कि, विधायक सुधीर मुनगंटीवार तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर के मार्गदर्शन में रविवार 5 जनवरी को तीन अलग-अलग रैलियों के माध्यम से सदस्यता पंजीकरण का शुभारंभ किया जाएगा. गांधी चौक (संडे मार्केट) से शुरू होने वाली रैली का नेतृत्व विधायक किशोर जोरगेवार करेंगे. जबकि तुकुम एसटी वर्क शॉप चौक की रैली का नेतृत्व भाजपा के महानगर जिला अध्यक्ष राहुल पावड़े करेंगे और बंगाली कैंप चौक की रैली का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय राउत करेंगे। इन रैलियों की योजना अलग-अलग समय पर बनाई गई है. महानगर के प्रत्येक वार्ड में सभी पूर्व पार्षदों एवं शक्तिकेन्द्र प्रमुखों, बूथ प्रमुखों एवं पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता पंजीकरण अभियान चलाया जायेगा।

अधिकारियों से प्रत्येक बूथ पर कम से कम 250 सदस्यों को पंजीकृत करने की अपेक्षा की जाती है। प्रत्येक बूथ पर नियुक्त पदाधिकारी बूथ पर जाकर बैठक करेंगे और सदस्यों का पंजीकरण करेंगे. सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 'सी' बूथ को 'बी' पर लाने, 'बी' बूथ को 'ए' पर लाने और 'ए' बूथ को मजबूत करने का काम करेंगे।

छह जनवरी से चार दिनों तक हर वार्ड में चार अलग-अलग स्थानों पर पंजीकरण स्टॉल लगाकर सदस्यता पंजीकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है. 7 से 10 जनवरी तक महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं सभी प्रकोष्ठ के माध्यम से उस क्षेत्र से संबंधित सदस्यता अभियान के माध्यम से किया जायेगा ऐसी जानकारी भाजपा शहर अध्यक्ष राहुल पावडे ने दी।






## नाबालिग की पत्थर से कुचलकर जघन्य हत्या




**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर शहर के बाबुपेठ रेल्वे पटरी परीसर में 3 जनवरी को रात 8:30 बजे दरम्यान एक 17 वर्षीय नाबालिग की पत्थर से कुचलकर हत्या करने मामला सामने आया है। इस दर्दनाक मामले में सिटी पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।घटता से एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। मृतक का नाम तन्मय बाबूपेठ का रहने वाला है।

सूत्र के मुताबिक बाबुपेठ रेल्वे पटरी के पास से तन्मय अपने घर जा रहा था।उसी समय रास्ते में उसकी गाड़ी से किसी अन्य दोपहिया गाड़ी के बीच हल्कि सी टक्कर हुई ।दोनों दोपहिया वाहन चालक में विवाद सुरु हुआं। विवाद में झगडा इतना बढ़ गया कि वहां पर मौजूद चार लोगो ने तन्मय की रेलवे ट्रैक के पास पत्थर से कुचलकर बडे बेरहमी से हत्या कर दी।बाबूपेठ रेलवे फाटक के पास चारों आरोपियों ने तन्मय को इतने बेरहमी से मारा और उसका चेहरा पहचानना भी मुश्किल है।उसमें से एक आरोपी पोयाम नामक पुलिस कर्मी का बेटा होने को बताया जा रहा है।

घटना के तुरंत बाद चंद्रपुर पुलिस अधीक्षक मुमक्का सुदर्शन,अप्पर पुलिस अधीक्षक रीना जनबंधु, सीटी पुलिस थाना के पोलीस निरीक्षक एकुरके मैडम आदी ने घटना स्थल का लेकर जांच सुरू कर दी थी।

## बीड़ सरपंच हत्या मामले में पुलिस अधीक्षक को सरपंच परिषद का ज्ञापन

> हत्यारे को मृत्युदंड देने की मांग



**चंद्रपुर.**

9 दिसंबर को बीड जिले के आदर्श सरपंच संतोष देशमुख की बेरहमी से हत्या कर दी गई. चंद्रपुर जिला समन्वयक आशीष डेरकर के नेतृत्व में सरपंच परिषद, मुंबई के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चंद्रपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुदर्शन मुमक्का को एक बयान सौंपकर उनकी हत्या करने वाले हत्यारों की गिरफ्तारी और मौत की सजा की मांग की।

बीड जिले के केज तालुका के मस्साजोग के आदर्श सरपंच संतोष देशमुख की पवनचक्की मामले को लेकर जबरन वसूली करने वालों ने बेरहमी से हत्या कर दी। यह मानवीय प्रवृत्ति को कलंकित करने वाली घटना है। 23 दिन बाद भी इस हत्याकांड के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. चूंकि संतोष देशमुख की हत्या पुलिस कर्मियों और रंगदारी मांगने वाले ने मिलकर की थी, इसलिए परिषद ने मांग की है कि इस मामले में 3 घंटे देर से शिकायत दर्ज करने वाले पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को भी सह-अभियुक्त बनाया जाना चाहिए। मृतक सरपंच संतोष देशमुख के परिवार को न्याय दिलाने समेत अन्य मांग की गयी है.

संतोष देशमुख की हत्या की जांच सीआईडी के माध्यम से त्वरित गति से की जानी चाहिए, इस अपराध के मुख्य सूत्रधार के खिलाफ भी हत्या का आरोप दर्ज किया जाना चाहिए, ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए, सरपंचों के साथ-साथ सांसदों, विधायकों पर भी सुरक्षा कानून लागू किया जाना चाहिए। इसलिए, संतोष देशमुख की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए, जांच पूरी होने तक देशमुख के परिवार और मासजोग पवनचक्की कार्यालय के सभी सुरक्षा गार्डों को पुलिस सुरक्षा दी जानी चाहिए, और मांगों को स्वीकार किया जाना चाहिए सलाह. विकास जाधव, राजू पोटनिस, संजय जगदाले, आशीष डेरकर, दीपक खेकरे, उमेश राजुरकर, शैलेश लोखंडे द्वारा प्रदान किया गया।

# सुशांत को याद कर रोईं रिया चक्रवर्ती



'रोडीज' का 20वां सीजन स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है और नया प्रोमो भी आ चुका है। इस सीज़न में गैंग लीडर रिया चक्रवर्ती और प्रिंस नरूला के साथ-साथ फैंस के पसंदीदा रणविजय सिन्हा और नेहा धूपिया की वापसी हुई है। लाइनअप में एल्विश यादव भी हैं, जो एक नए गैंग लीडर के रूप में शामिल हुए हैं। प्रोमो में काफी कुछ देखने को मिल रहा है। रिया के रोने से लेकर प्रिंस का युविका के नाम पर गुस्सा होना, आइए दिखाते हैं। प्रोमो में रिया चक्रवर्ती को रोते हुए दिखाया गया है। वह दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े विवाद के बाद अपने बुरे दिन के बारे में खुलकर बात करती हैं। बात करते हुए रिया ने मुश्किल हालात के बाद इंडस्ट्री में काम न मिलने को लेकर अपना दर्द बयां किया। उन्हें देखकर नेहा धूपिया भी रो पड़ीं।

इस बीच, प्रोमो में प्रिंस नरूला और एल्विश यादव के बीच भारी लड़ाई भी दिख रही है। अपने गुस्से के लिए जाने जाने वाले प्रिंस का एल्विश से झगड़ा हो जाता है, जो पीछे हटने से इनकार कर देते हैं। इसी बीच प्रिंस युविका का नाम भी लेते हैं और कहते हैं कि वो उसे बीच में घसीट रहा है।

यह कई पुरानी यादों को लेकर आया है। रणविजय सिन्हा और नेहा धूपिया की शो में वापसी ने पहले से ही फैंस को खुश कर दिया है, जबकि एल्विश यादव को गैंग लीडर पैनल में देखकर उनके फैंस अलग ही खुशी जता रहे हैं। पुराने दिग्गजों और एक नए चेहरे के मिलने से लोग और भी ज्यादा बेसब्री से इस



# 'मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं'




श्रीदेवी अपने दौर की बेहतरीन अदाकारा के तौर पर जानी जाती हैं और आज भी कभी उनका जिक्र किया जाता है, तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं. इन्हीं लोगों में एक नाम शामिल है फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा की. उन्होंने कई बार अपने इंटरव्यू में श्रीदेवी का जिक्र किया है, जिसमें वो अक्सर उनकी तारीफ करते नजर आते हैं. हालांकि, उनके कुछ बयान कॉन्ट्रोवर्सी में भी बदल जाती है. हाल ही में फिल्ममेकर ने श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर के बारे में बात की है, जिसमें उन्होंने एक्ट्रेस के साथ काम करने को लेकर भी बात की है.

जान्हवी आखिरी बार साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में नजर आईं थी, इस फिल्म को लेकर दर्शकों ने अच्छा रिएक्शन दिया था. इस फिल्म के एक फोटोशूट के दौरान देवरा एक्टर जूनियर एनटीआर ने जान्हवी कपूर को लेकर कहा था कि वो हूबहू अपनी मां की तरह लगती हैं. एक्टर के इस बात पर अपने हालिया इंटरव्यू में राम गोपाल वर्मा ने अपनी बात रखते हुए इसे नकार दिया है. उन्होंने कहा कि उन्हें अभी भी जान्हवी में श्रीदेवी नहीं दिखती हैं.

इसके साथ ही फिल्ममेकर ने श्रीदेवी की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि चाहे 'पड़ाहरेल्ला वयासु' हो या 'वसंत कोकिला', उन्होंने कई तरह की परफॉर्मेंस दी हैं. असल बात बताई जाए, तो उन्हें एक्टिंग करते हुए देखकर मैं भूल गया जाता था मैं एक फिल्ममेकर हूं और उन्हें एक दर्शक की तरह देखने लगता था. एनटीआर की बात पर उन्होंने अपना रिएक्शन देते हुए बोला कि एक्टर को श्रीदेवी हैंडओवर होगा, इसलिए ये बात कह दी होगी.

# सपना के साथ हुई गलत हरकत

सपना चौधरी हरियाणा की जान कहलाती हैं. सपना आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है. देसी क्वीन के नाम से मशहूर सपना चौधरी अपने डांस वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर खूब धमाल मचाती हैं. सपना का डांस हर किसी के होश उड़ा देता है और नाचने पर मजबूर कर देता है. नया हो या फिर पुराना, सपना का हर वीडियो लोगों के बीच छाया रहता है. इसका उदाहरण सपना का हालिया वायरल वीडियो है. दरअसल, सपना का एक पुराना वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. इस वीडियो में सपना का अंदाज और उनका डांस दोनों ही देखते ही बन रहा है. उनका डांस देखने के लिए बूढ़े-जवान सभी बेताब नजर आ रहे हैं. हालांकि, परफॉर्मेंस के बीच में स्टेज पर सपना के साथ एक आदमी गंदी हरकत करने कि कोशिश भी करता हुआ दिखाई दे रहा है. इसके बाद वह गुस्से में उस आदमी पर लाल-पीली होते हुए भी नजर आती हैं.

सपना के इस डांस वीडियो में आप देख सकते हैं कि सपना मस्त होकर स्टेज पर डांस कर रही होती हैं. तभी अचानक एक मनचला आ जाता है और वह सपना के सूट के अंदर हाथ डालकर नोट घुसाने की कोशिश करने लगता है. भले ही स्टेज पर सपना चौधरी असहज महसूस कर रही थीं लेकिन उन्होंने दिमाग से काम लिया और लड़के को ऐसे गुस्से भरी नजरों से देखा कि उनका ये रिएक्शन देख वो आदमी डर गया और झट से स्टेज से भाग निकला.वैसे बता दें कि सपना के साथ इस तरह के इंसीडेंट कई बार हो चुके हैं. सपना चौधरी को स्टेज शोज के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. लोगों के तानों के साथ-साथ वह कई बार इस तरह की बदसलूकी भी झेली है.

# 'अनुपमा' से छिन गया नंबर 1 का ताज



इन दिनों फिल्मों से ज्यादा लोगों के बीच टीवी शोज का क्रेज देखने को मिलता है. कई शोज ऐसे हैं, जो लंबे समय से टीवी पर आ रहे हैं, लेकिन आज भी फैंस के बीच इन शोज का क्रेज खत्म नहीं हुआ है. इसी बीच हर बार की तरह इस बार भी टीवी के टॉप 10 शोज की टीआरपी लिस्ट सामने आ गई है. तो आइए आपको बताते हैं कि कौन सा शो इस हफ्ते कौन से नंबर पर रहा है और किसने नंबर वन कि गद्दी हासिल की है.

सबसे पहले आपको उन शोज के बारे में बताते हैं, जिसने टीआरपी की लिस्ट में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है. इस लिस्ट में 'झनक' से लेकर 'शिव शक्ति' तक के नाम शामिल है. बता दें कि कृषाल आहूजा और हिबा नवाब की 'झनक' लिस्ट में 7वें स्थान पर है. जबकि 'मंगल लक्ष्मी' ने इस लिस्ट में 8वें नंबर पर अपनी जगह बनाई है. वहीं 'परिणीति' को इस लिस्ट में 9वां स्थान मिला है और 'शिव शक्ति' को 10वां. वहीं अब बात करते हैं टॉप 5 से बाहर हुए शो कि तो उसका नाम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' है. ये शो इस हफ्ते दर्शकों को कुछ खास एंटरटेन नहीं कर पाई, जिसकी वजह से इस शो को टीआरपी लिस्ट में 6ठ वां स्थान मिला है.

अवस्थी', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'अनुपमा.' जी हां, टॉप 4 कि लिस्ट में अनुपमा का नाम देखकर आप जरूर चौंक गए होंगे. लेकिन ये सच है कि इस बार भी अनुपमा नंबर पर अपनी स्थान हासिल करने से चूक गई. बता दें कि 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' पिछले हफ्ते की तरह इस हफ्ते भी नंबर-2 पर है. इस शो को 52वें हफ्ते में 2.3 मलियिन इंप्रेशंस मिले हैं.'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' इस हफ्ते तीसरे नंबर पर है. इस सीरियल ने इस बार 'अनुपमा' को पछाड़ दिया है. इस हफ्ते इस शो को 2.3 रेटिंग मिली है, लेकिन यह 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से थोड़ी पीछे है.

# ऐश्वर्या के साथ नजर आए अभिषेक



पिछले कुछ महीनों से लगातार सोशल मीडिया पर खबरें आ रही थीं कि बच्चन फैमली में मन-मुटाव चल रहा है. ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर भी तरह-तरह की बातें हो रही थीं. कहा तो यहां तक भी गया कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन जल्द ही तलाक भी लेने वाले हैं. इन खबरों को हवा तब मिलने लगी, जब लंबे वक्त तक दोनों को साथ में नहीं देखा गया. हालांकि ऐश और अभिषेक ने कभी इन अफवाहों पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी. इसी बीच ऐश और अभिषेक अपनी बेटी आराध्या के साथ एक बार फिर से नजर आए हैं. फैन्स इस फैमली को एक साथ देखकर काफी खुश है.

सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है. वीडियो में ऐश्वर्या राय और अभिषेक अपनी बेटी के साथ एयरपोर्ट पर कैप्चर हुए हैं. अभिषेक वायरल क्लिप में पहले नजर आते हैं. वो अपनी पत्नी ऐश्वर्या और बेटी का इंतजार भी करते हुए देखे गए. वहीं ऐश्वर्या अपनी बेटी को साथ एयरपोर्ट से बाहर की ओर आती हैं. आराध्या के चेहरे पर इस वक्त मुस्कुराहट भी देखने को मिलती है. हैप्पी फैमली को देख उनके चाहने वाले काफी खुश हैं. वीडियो पर यूजर्स कमेंट भी कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, आप सब को देखकर अच्छा लगा. एक ने लिखा, आराध्या बड़ी हो गई, लेकिन दोनों मां-बेटी का हेयर स्टाइल नहीं बदला. एक ने लिखा, ये हमेशा से साथ ही थे. तलाक की खबरों पर अफवाहों का ठप्पा तब लगा था जब बच्चन फैमली को आराध्या बच्चन के स्कूल फंक्शन में देखा गया था. आराध्या की परफॉर्मेंस देखने के लिए अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन तीनों ही पहुंचे थे. वहीं बच्चन परिवार के बीच सबकुछ ठीक ही दिखा. अभिषेक और ऐश के बीच कई खूबसूरत मूंमेंट भी कैप्चर किए गए थे. हालांकि अभी तक ऐश्वर्या और जया बच्चन साथ नजर नहीं आई हैं और न ही श्वेता बच्चन को उनके साथ देखा गया है

# ईशा सिंह ने अविनाश मिश्रा पर कसा तीखा तंज



'बिग बॉस 18' का कारवां अब धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। हाल ही में बिग बॉस के घर में प्रतिभागियों के घर वाले आए। इस दौरान सभी भावुक हो उठे। साथ ही घरवालों के आने से शो ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। प्रतिभागियों के घरवालों ने खासकर चाहत पांडे की मां ने अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह पर निशाना साधा। वहीं, ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अक्सर अपनी दोस्ती और प्यारी नोकझोंक की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि, वह कहते हैं कि वे अच्छे दोस्त हैं। हालिया एपिसोड में ईशा सिंह ने मिश्रा को तीखा जवाब दिया, क्योंकि अविनाश ने करण वीर मेहरा को सीजन की ट्रॉफी जीतने में मदद करने के बारे में मजाक था।



यह सब 'बिग बॉस 18' के घर के अंदर चुम दरंग की मां के प्रवेश के साथ शुरू हुआ। जैसे ही वह घर के अंदर पहुंची अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, शिल्पा शिरोडकर और श्रुतिका अर्जुन ने करण वीर मेहरा को चिढ़ाना शुरू कर दिया। शिल्पा शिरोडकर दोपहर का खाना बना रही थीं, जब अविनाश मिश्रा ने मजाक में कहा, "खाना बनाओ या ना बनाओ, आज मैं कुंडली बनाऊंगा।" फिर अविनाश ने शिरोडकर को बताया कि वह 'लड़के वाले' हैं और करण और दोस्त को एक साथ लाने में मदद कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा, "बिग बॉस में एक बड़ी ट्रॉफी मैं उनको दिलाकर रहूंगा, एक दोस्त के तौर पर, मैं उनकी मदद कर रहा हूं।" इस पर, ईशा सिंह ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "तुम अपनी ट्रॉफी का ध्यान रखो, आओ।" अविनाश ने कहा कि वह कुछ और बात कर रहे थे और ईशा के पीछे खड़े हो गए। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिग बॉस भी अविनाश के साथ मिलकर करण को चिढ़ाते हैं। वह कहते हैं कि करण आज अलग तरह से व्यवहार कर रहे हैं और मासूमियत से पेश आ रहे हैं। शिल्पा शिरोडकर कहती हैं कि वह पैरेंट-टीचर मीटिंग के लिए बैठे स्कूली लड़के की तरह है। बाद में, करण वीर मेहरा की बहन ने भी 'बिग बॉस 18' के घर में प्रवेश किया। उन्होंने करण को सलाह दी कि वह अच्छा खेल रहे हैं।

# अक्षय और ट्विंकल ने शेयर किया एयरपोर्ट लुक

अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना को हाल ही में मुंबई के कलिना एयरपोर्ट पर देखा गया, वे जयपुर, राजस्थान में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाकर लौट रहे थे। इस जोड़े ने अपने बच्चों आरव और नितारा के साथ नए साल का जश्न मनाया और झालाना लेपर्ड सफारी में एक खास पल भी बिताया। एयरपोर्ट पर उनकी मौजूदगी ने तुरंत ही प्रशंसकों और पपराज़ी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया, जिन्होंने जोड़े को आरामदेह और स्टाइलिश लुक में कैद किया। एयरपोर्ट पर अक्षय और ट्विंकल हाथ थामे और बड़ी मुस्कान के साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। दोनों ने ही ट्रेंडी आउटफिट पहने थे, जो फैशन के प्रति उनके प्यार को दर्शाता है। अक्षय ने ब्लैक-एंड-व्हाइट प्रिंटेड जैकेट में कैजुअल लेकिन फैशनेबल लुक अपनाया, जिसमें उठा हुआ कॉलर और पूरी लंबाई की आस्तीन थी। उन्होंने जैकेट को ब्लैक टी-शर्ट और लाइट ब्लू डिस्ट्रेस्ड डेनिम जींस के साथ पहना। उनके लुक को ओनित्सुका टाइगर स्नीकर्स, ब्लैक बेसबॉल कैप और ब्रेसलेट ने पूरा किया। अक्षय ने अच्छी तरह से तैयार की हुई साल्ट-एंड-पेपर दाढ़ी भी रखी थी, जो उन्हें एक फ्रेश, ठाठ वाइब दे रही थी।ट्विंकल, जो हमेशा अपने सहज स्टाइल के लिए जानी जाती हैं, ने गुलाबी और सफेद रंग की धारीदार जैकेट पहनी थी। जैकेट में पूरी आस्तीन थी और यह आरामदायक, चुस्त फिट थी। उन्होंने इसे एक साधारण सफेद टी-शर्ट, एक प्रिंटेड स्कार्फ और हल्के नीले रंग की एसिड-वॉश डेनिम जींस के साथ मैच किया। जींस में एक फ्रेयड हेम और एक फ्लेयर्ड फिट था, जो उनके लुक में विंटेज स्टाइल का टच जोड़ रहा था। ट्विंकल ने चैनल टोट बैग, चंकी व्हाइट स्नीकर्स और गोल्ड हूप इयररिंग्स के साथ एक्सेसरीज़ पहनी थीं। उन्होंने एविएटर सनग्लासेस भी पहने थे और अपने बालों को एक मैसी बन में पिन किया था, जो एक प्राकृतिक, नो-मेकअप लुक के लिए था।साथ में, इस जोड़े ने अपने लुक को आरामदायक और ठाठदार बनाए रखते हुए प्रमुख फैशन लक्ष्य दिए। प्रशंसकों को उनके समन्वित आउटफिट बहुत पसंद आए, और जोड़े की गर्मजोशी भरी मुस्कान ने इस पल के



# सिडनी टेस्ट में भारत का पलटवार

## मिली 145 रन की बढ़त

**सिडनी.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बना लिए हैं। पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर भारत ने 145 रनों की लीड हासिल कर ली है। फिलहाल वॉशिंगटन सुंदर छह और रवींद्र जडेजा आठ रन बनाकर क्रीज़ पर बने हुए हैं।



भारत को अगर यह मुक़ाबला जीतना है तो यहां से कम से कम 200 का आंकड़ा पार करना होगा। दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजी एक बार फिर पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई। विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। पंत ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाते हुए 33 गेंद पर चार छक्के और छह चौके की मदद से 61 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने बतक चार विकेट झटके हैं।

भारत की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। राहुल 13 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें बोलैंड ने क्लीन बोल्ड किया। पांच रन के बाद जायसवाल को भी बोलैंड ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। जायसवाल ने मात्र 22 रन बनाए। 59 के अकोर पर तीसरा विकेट गिरा। विराट कोहली को एक बार फिर स्कॉट बोलैंड ने आउट किया। ऑफस्टंप के बाहर जाती गेंद गेंद को कोहली ने एक बार फिर छेड़ दिया और स्लिप पर खड़े स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। 78 के स्कोर पर भारत को चौथा झटका लगा। ब्यू वेबस्टर ने शुभमन गिल को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। गिल 13 रन बना सके। इसके बाद सिडनी में पंत का तूफान देखने को मिल रहा है। उन्होंने 29 गेंद में अर्धशतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां अर्धशतक रहा। भारत को 124 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर कैरी को कैच दे बैठे। भारत को दूसरे दिन का आखिरी झटका नीतीश रेड्डी के रूप में लगा। उन्हें बोलैंड ने कमिंस के हाथों कैच कराया। बोलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए कमिंस और वेबस्टर को एक-एक झटके हैं।

### चायकाल से पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त

भारत ने पलटवार करते हुये ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर समेट कर चार रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल की। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाये थे। चायकाल से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त हो गयी। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाये जबकि मो सिराज ने 51 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी को दो दो विकेट मिले।

# हरभजन सिंह हरियाणा ग्लेडियेटर्स में शामिल हुए

**नई दिल्ली.**

पूर्व भारतीय स्पिनर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हरभजन सिंह आगामी लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो फरवरी 2025 में खेली जानी है। 103 टेस्ट और 236 वनडे खेलने वाले हरभजन अपने बेजोड़ अनुभव और कौशल के साथ ग्लेडिएटर्स को इस अभिनव टूर्नामेंट में देखने लायक टीम बनाएंगे।

हरियाणा ग्लेडिएटर्स लाइनअप में हरभजन के साथ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बेन डंक, श्रीलंकाई ऑलराउंडर असेला गुणरत्ने और गेंदबाज पवन सुयाल शामिल होंगे। भारतीय खिलाड़ी अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता भी हरियाणा ग्लेडिएटर्स की टीम में शामिल होंगे, जिससे यह तेज गति वाले 90-बॉल क्रिकेट में एक मजबूत टीम बन जाएगी। हरियाणा ग्लेडिएटर्स फ्रैंचाइज़ी का स्वामित्व



शुभ इंफ्रा के पास है, जो उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध एक प्रमुख रियल एस्टेट फर्म है।

टीम के बारे में बात करते हुए शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने कहा, "हरियाणा ग्लेडिएटर्स साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के मूल्यों पर बनी टीम है। हरभजन सिंह की अगुआई में प्रतिभाशाली टीम के साथ, हमें लीजेंड 90 लीग में मजबूत छाप छोड़ने का पूरा भरोसा है।" पिछले महीने, हरियाणा ग्लेडिएटर्स ने टीम का लोगो जारी किया, जो साहस, शक्ति और लचीलेपन का प्रतीक दहाड़ते हुए शेर का एक शानदार चित्रण है। लीजेंड 90 एक रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट है जो पूर्व खिलाड़ियों को एक अभिनव और तेज़ गति वाले 90-गेंद प्रारूप में एकजुट करता है। यह अनूठी लीग क्रिकेट के बेहतरीन आइकन का जश्न मनाती है, जो उन्हें एक बार फिर से उस गौरव और उत्साह को फिर से जीने के लिए मैदान पर वापस लाती है। लीग में सात फ्रैंचाइज़ शामिल होंगी और दिग्गज खिलाड़ियों के कौशल का प्रदर्शन करेंगी। अपने गतिशील प्रारूप और प्रतिष्ठित क्रिकेटरों की भागीदारी के साथ, लीजेंड 90 लीग एक शानदार खेल उत्सव होने का वादा करती है।

# 4 साल बाद उठी युजवेंद्र चहल-धनश्री के तलाक की अफवाह

**नई दिल्ली.**

साल 2025 की शुरुआत में ही फैंस को एक बुरी खबर मिल रही है। ऐसा हिंट मिल रहा है कि स्टार क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का तलाक होने जा रहा है। इस खबर से उनके फैंस दुखी हो सकते हैं।

साल 2024 में हार्दिक पांड्या और नताशा के तलाक से फैंस दुखी हुए थे और अब एक और एक्ट्रेस और स्टार क्रिकेटर के तलाक का हिंट मिल रहा है। इससे पक्का उनके फैंस का दिल टूटने वाला है।



दरअसल, एक्ट्रेस धनश्री वर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपने पति युजवेंद्र चहल को अनफॉलो कर दिया है। वहीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी उन्हें अनफॉलो कर दिया है और उनके साथ की सारी फोटोज इंस्टाग्राम से हटा दी हैं। इस स्टार कपल के इस कदम से फैंस हैरान हैं।

इससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या दोनों का तलाक होने जा रहा है। एक्ट्रेस धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल ने साल 2020 में शादी की थी। उनकी शादी के 4 साल बाद ही तलाक की नौबत क्यों आ गई। ऐसा लोग पूछ रहे हैं।

# 'आयरन मैन' युवाओं के लिए प्रेरणाः शेखर पाटिल

## आयरन मैन टूर्नामेंट की यात्रा

**नागपुर.**

'आयरन मैन' एक निश्चित समय में तैरकर, साइकिल चलाकर और दौड़कर एक निश्चित दूरी को पार करने के लिए एक बहुत ही कठिन दौड़ है और इसने 18 साल की उम्र में इसे पूरा करके एक उदाहरण स्थापित किया है। खेल उप महानिदेशक शेखर पाटिल ने कहा कि दक्ष,जो साहसिक खेलों के ब्रांड एंबेसडर हैं, युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं।



खेल, मित्र और प्रेस क्लब, नागपुर विभाग ने शनिवार को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बुसेल्टन में हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित 20वीं विश्व पूर्ण दूरी 'आयरन मैन' दौड़ पूरी करके 18 साल की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के 'आयरन मैन' बनने वाले दक्ष खेन को सम्मानित किया। नागपुर के प्रेस क्लब में आयोजित एक समारोह में शेखर पाटिल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मीडिया समन्वयक अनिल गाडेकर, दक्ष खुंटे और नागपुर खेल पत्रकार संघ के प्रभारी अध्यक्ष अमित संपत, अमोल खुंटे और एकता खुंटे भी मंच पर उपस्थित थे।

यह कहते हुए कि दक्ष अपने माता-पिता के साहसिक खेलों की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, शेखर पाटिल ने कहा कि अगर युवा जीवन में सफलता हासिल करना चाहते हैं तो खेल का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले 10 वर्षों में खेल एक उद्योग के रूप में विकसित होंगे और 2036 के ओलंपिक भारत में आयोजित किए जाएंगे। अमित संपत ने दक्ष को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। अनिल गाडेकर ने परिचयात्मक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के पुरस्कार युवाओं को प्रोत्साहन देते हैं। राम ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया। अगला ओलंपिक खेल,

इस बार दक्ष ने 'मेकिंग ऑफ आयरन मैन' की पूरी यात्रा का खुलासा किया। अपने माता-पिता के प्रोत्साहन, कोच अमित समर्थ के मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत, मजबूत इच्छाशक्ति, शारीरिक और मानसिक फिटनेस से उनके जन्मदिन पर 'आयरन मैन' के सपने को पूरा करना संभव हुआ। उनका अगला लक्ष्य ओलंपिक में खेलना है।

# उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत ने हार से की शुरुआत

**लखनऊ.**

पहली बार लखनऊ में आयोजित की जा रही आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में मेजबान भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारत की यूथ अंडर-18 और जूनियर अंडर-20 दोनों ही टीमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में मैच गंवा बैठी। दोनों ही मुकाबलों में उसे उज्बेकिस्तान के हाथों शिकस्त मिली। इन मुकाबलों से पूर्व कजाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर आज दोनों ही वर्गों में जीत के साथ अभियान की शुरू किया।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा संकुल में आयेजित चैंपियनशिप के पहले दिन यूथ अंडर-18 में उज्बेकिस्तान ने भारत को 47-34 से हराया। मैच में मेहमान टीम ने मध्यांतर तक 23-17 से बढ़त बना ली थी। उज्बेकिस्तान ने उम्दा विंग अटैक व दमदार डिफेंस का सहारा लिया और खेल के आगे बढ़ने के साथ तेजतर्रार आक्रमण किए। हालांकि भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने उम्दा रणनीति अपनाई और बखूबी बचाव व साथ में अटैक भी किया, लेकिन उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों ने अपनी लंबाई का बखूबी इस्तेमाल किया और जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान से नूरसुल्तान बोजोरबोव ने सर्वाधिक 10 गोल दागे। भारत की ओर से मनीष यादव ने सबसे ज्यादा 11 गोल किए। रवि, प्रवीण गिल ने 5-5, अंशु और सुयश अवस्थी ने 4-4 गोल किए।

भारतीय जूनियर अंडर-20 टीम को भी हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला उज्बेकिस्तान की जूनियर टीम ने 46-36 से जीता। राखत जोल्दास्बाएव ने सबसे ज्यादा 11 गोल किए। भारत की ओर से अजय मोयाल ने सर्वाधिक 12, जसप्रीत सिंह व मनदीप ने 7-7 गोल किए।

### कजाकिस्तान ने दर्ज की जीत

दिन के पहले मुकाबले में यूथ अंडर-18 वर्ग में कजाकिस्तान ने बांग्लादेश को 33-29 से हराया। जेता टीम से प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 8 गोल दागे। जूनियर अंडर-20 वर्ग के मैच में भी कजाखिस्तान ने बांग्लादेश को 43-23 से हराया। के प्लेयर ऑफ द मैच डौलेट मुराटोव ने 9 जबकि डौरेन टी. ने आठ गोल दागे।

# करुण ने लिस्ट-ए में बिना आउट हुए 542 रन बनाए

**विजयनगर.** विदर्भ के कप्तान करुण नायर लिस्ट-ए (वनडे) क्रिकेट बिना आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के खेले हुए 5 मैचों में 542 रन बनाए। 33 साल के नायर ने छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर और उत्तरप्रदेश के खिलाफ पांच मैच खेले। इनमें से छत्तीसगढ़ को छोड़कर चार में शतक लगाया।आखिरी मैच शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश विजयनगर के विज्जी स्टेडियम खेला। इस मैच में वे 112 रन बनाकर आउट हुए। नायर की टीम विदर्भ ने यह मैच 8 विकेट से जीता। उत्तर प्रदेश के खिलाफ 70 रन बनाते ही करुण नायर बिना आउट हुए 500 या उससे ज्यादा



लिस्ट ए रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2010 में न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन (527) के बनाए गए लिस्ट ए रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। नायर ने अपना सातवां लिस्ट-ए शतक बनाया। नायर ने इस रिकॉर्ड को बनाने की शुरुआत 23 दिसंबर 2024 को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मैच से की थी। विजयनगरम के विज्जी स्टेडियम में खेले गए उस मैच में 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ उन्होंने नाबाद 112 रन की पारी खेली थी। 26 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के खिलाफ नाबाद 44 रन बनाए। इसके बाद 28 दिसंबर को चंडीगढ़ के खिलाफ नाबाद 163 और 31 दिसंबर को तमिलनाडु के खिलाफ नाबाद 111 रन की पारी खेल दी। हालांकि, करुण नायर उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपना नाबाद अभियान जारी नहीं रख पाए। वह 11 चौके और 2 छक्के की मदद से 101 गेंद पर 112 रन बनाकर आउट हुए।करुण नायर 2023 में विदर्भ के साथ जुड़ने से पहले कर्नाटक के लिए 11 साल तक खेले। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कप्तान बनने के बाद करुण नायर को पिछले नवंबर में आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के दौरान आईपीएल के लिए भी चुना गया था। वह 2 साल बाद आईपीएल खेलने उतरेंगे।दाएं हाथ के बल्लेबाज को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा। नायर 2016-17 के बाद दिल्ली कैपिटल्स के साथ दूसरी बार खेलेंगे। साल 2017-18 में घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलने वाले नायर को आईपीएल नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में लिस्ट किया गया था।

# बढ़त के साथ जिम्बाब्वे ने बनाई मैच पर अपनी पकड़

**बुलावायो.** सिकंदर रजा (61), कप्तान क्रेग एर्विन (75) की अर्धशतकीय और शॉन विलियम्स (49) की शानदार पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 243 को स्कोर खड़ा कर अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 86 रनों की बढ़त के बाद अफगानिस्तान की दूसरी पारी में 46 के स्कोर पर उसके तीन विकेट झटकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत फिर खराब रही और उसे मात्र एक रन पर अपना पहला विकेट गवां दिया। अब्दुल मलिक (एक) को मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। आठवें ओवर में मुजारबानी ने रियाज हसन (11) को आउटकर अफगानिस्तान को दूसरा झटका दिया। 14वें ओवर में हशमतउल्लाह शहीदी (13) को सिकंदर रजा ने बोल्ड कर जिम्बाब्वे को तीसरी सफलता दिलाई।

# पाकिस्तानी स्टार बल्लेबाज के टखने में लगी चोट



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के युवा सलामी बल्लेबाज साइम अयूब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के दौरान टखने की चोट के कारण छह सप्ताह के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गये। इस चोट के कारण वह अगले महीने शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं।वह केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे और अंतिम टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को कहा कि उनका एमआरआई और अन्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने साइम को छह सप्ताह के आराम की सलाह दी है।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय साइम के टखने में चोट लग गई थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ''उनके दाहिने टखने में फ्रैक्चर है जिसे ठीक होने में कम से कम छह सप्ताह लगेंगे। इस चोट के कारण वह इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला और 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फरवरी में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज में नहीं खेल पायेंगे।साइम की जगह टेस्ट टीम में सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और वनडे में फखर जमां की वापसी हो सकती है। बायें हाथ के इस 22 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है। इन दौरों पर उन्होंने तीन शतक शतक जडे।

# गावस्कर ने 2 बल्लेबाजों की जमकर लगाई क्लास

**नई दिल्ली.**

सुनील गावस्कर ने मेलबर्न टेस्ट के दौरान ऋषभ पंत को उनकी एग्रेसिव बल्लेबाजी के चलते आउट होने के कारण मूर्ख कहा था. उन्होंने मैच हारने के बाद जमकर उनकी क्लास लगाई थी. पंत के बाद सिडनी टेस्ट के दौरान उन्होंने अब दो भारतीय बल्लेबाजों को निशाने पर लिया है. दरअसल, सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में काफी तेजी से रन बटोरते हुए दिखे. टीम इंडिया एक वक्त 6 रन प्रति ओवर के हिसाब रन बना रही थी. यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ हावी होकर बल्लेबाजी कर रहे थे. लेकिन वो जल्दी ही आउट हो गए, जिसका नतीजा हुआ कि एक बार फिर भारतीट टीम ने गुच्छे में विकेट गंवा दिए. इसे देखकर गावस्कर नाराज हो गए और उन्होंने दोनों ओपनर्स की क्लास लगा दी.

सुनील गावस्कर ने दिन का खेल खत्म होने के बाद मुकाबाले की एनालिसिस की. इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया तेजी से रन बनाने के चक्कर में चक्कर में विकेट गंवाते



देख कहा कि 'आपको तेज खेलने की जरूरत क्या है? आज तो सिर्फ दूसरा ही दिन है. कहां की जल्दबाजी है? इस पिच पर बैटिंग करना आसान नहीं था लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि जल्दबाजी करें. अगर मैच अटका तो यही जल्दबाजी उसकी वजह होगी.' भारत ने दूसरी पारी के दौरान 7.2 ओवर में 42 रन बना लिए थे. इसके बाद यशस्वी जायसवाल 35 गेंद में 22 रन बनाकर बोलैंड का शिकार हो गए.

वहीं अगले 5 रन के बाद केएल राहुल 20 गेंद में 13 बनाकर चलते बने. उनका विकेट भी बोलैंड ने ही लिया. फिर भारतीय टीम ने 59 पर तीसरा और 78 रन पर चौथा विकेट भी गंवा दिया. गिल 15 गेंद में 13 रन और कोहली 12 गेंद में 6 रन बनाकर चलते बने. दूसरी ओर पिछले मुकाबले में गावस्कर की डांट सुनने वाले पंत ने एक बार फिर अपना पुराने अंदाज में बल्लेबाजी की और 33 गेंद में 61 रन ठोक दिए. हालांकि, वो भी तेजी से रन बनाने के चक्कर में ऑफ साउड की गेंद पर अपना विकेट दे बैठे. सिडनी टेस्ट फिलहाल बहुत ही रोमांचक मोड़ पर है. अभी दो दिन ही हुए हैं और 26 विकेट गिर चुके हैं. साथ ही मुकाबले की तीसरी पारी शुरू हो गई है और अब ऐसा लग रहा है कि तीसरे दिन मैच का नतीजा आ जाएगा. टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 141 रन बना लिए हैं. इसके साथ ही उसकी कुल बढ़त 145 रनों की हो गई है. इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 181 रन बना सकी थी.

# चुनाव को लेकर आज बीजेपी की अहम बैठक

**नई दिल्ली.**

विधानसभा चुनाव को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की एक अहम बैठक होने जा रही है। यह बैठक दोपहर 3 बजे तय की गई है, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, और चुनाव प्रभारी जयपांडा भाग लेंगे।

बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव की रणनीति पर गहन चर्चा की जाएगी। बीजेपी इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी तरह से अपनी योजनाओं को अंतिम रूप दे सकती है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए बेहद अहम है। बीजेपी के लिए यह चुनाव खासतौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1993 के बाद से वह दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतने में सफल नहीं हो पाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को बीजेपी का 'मिशन-दिल्ली' की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। जनसभा में पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी की सरकार की आलोचना करते हुए उसे आपदा से जोड़ा और कहा कि दिल्ली की सरकार में बैठे लोग सत्ता में रहते हुए खुद को कट्टर बेईमान बताते हैं।



### पीएम मोदी आज करेंगे ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'ग्रामीण भारत महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। यह छह दिवसीय महोत्सव 4 से 9 जनवरी तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत 2047 के लिए एक ग्रामीण भारत का निर्माण' है। पीएमओ ने इस आयोजन के बारे में जानकारी दी और बताया कि इसका आदर्श वाक्य 'गांव बढ़े, तो देश बढ़े' रखा गया है।



## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों पर ममता ने कसा शिकंजा

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चेतावनी के बाद स्वास्थ्य भवन ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिए गाइडलाइंस जारी की है. इसमें सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर लगाम लगाने की बात कही गयी है. इसके साथ हीसरकारी मेडिकल कॉलेज में पद के अनुसार कोई डॉक्टर कितने समय तक अस्पताल में रहेगा? उस समय उनका कार्य क्या होगा? एक शिक्षक-चिकित्सक दिन के कितने समय मेडिकल छात्रों को पढ़ाएगा? स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने दिशा-निर्देश जारी कर विभागाध्यक्ष, यूनिट प्रमुख और अन्य डॉक्टरों की जिम्मेदारियां तय कर दी है. नबान्न में स्वास्थ्य विभाग के काम पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने आलोचना के लहजे में कहा, 'क्या स्वास्थ्य भवन काम करता है या यह अफवाह है?' इसके बाद स्वास्थ्य सचिव द्वारा 24 घंटे के अंदर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का अस्पताल में रहने के दौरान ड्यूटी रोस्टर जारी किया. स्वास्थ्य विभाग की ओर मेडिकल कॉलेज के शिक्षक डॉक्टरों के लिए गाइडलाइंस तय की गई.

## किसानों में बंटेगा 10 हजार करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली.**



जेवर में तैयार हो रहे नोएडा एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण के जमीन अधिग्रहण के लिए किसानों की लिस्ट तैयार कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, 14 गांवों के करीब 40 हजार से ज्यादा किसानों को करीब 10 हजार करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। इस लिस्ट को किसानों के साथ साझा किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण की 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करने में करीब 4 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को दिया गया था। दूसरे चरण में 1365 हेक्टेयर जमीन के लिए करीब 6200 करोड़ का मुआवजा दिया गया है। अब तीसरे और चौथे चरण में 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है।

तीसरे और चौथे चरण में पहले व दूसरे चरण के मुकाबले करीब 700 हेक्टेयर जमीन ज्यादा है लेकिन मुआवजा पहले चरण की अपेक्षा तीन गुना से थोड़ा ही कम है। बताया जा रहा है कि पहले चरण में करीब 1800 रुपये वर्गमीटर के रेट से मुआवजा दिया गया था। तीसरे और चौथे चरण में करीब 4300 रुपये के रेट से मुआवजा दिया जाएगा। तीसरे व चौथे चरण में दो रनवे के अलावा 300 हेक्टेयर जमीन एमआरओ के लिए भी रिजर्व रहेगी। यहां पर विमानों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियां अपनी यूनिट लगाएंगी। यमुना अथॉरिटी के अनुसार, इस अधिग्रहण में सबसे ज्यादा थोरा और रामनेर के करीब 17 हजार किसान शामिल हैं।

## जीपीटी-4 जैसे एआई टूल मरीजों से बातचीत में फेल

**नई दिल्ली.**



आजकल चैटबॉट्स का इस्तेमाल लोग अपने लक्षणों या टेस्ट रिपोर्ट्स को समझने के लिए करते हैं, लेकिन हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएस के शोधकर्ताओं के नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में देखा गया है कि जीपीटी-4 जैसे एआई टूल्स असल जिंदगी में मरीजों से बातचीत में उतने असरदार नहीं हैं। हालांकि, एआई चैटबॉट्स जैसे ये टूल मेडिकल परीक्षा जैसे फॉर्मेट में सवालों के जवाब देने में अच्छे हैं, लेकिन मरीजों के साथ बातचीत के दौरान इन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

इसका मतलब है कि असल जिंदगी की बातचीत में, जैसे लक्षणों या टेस्ट रिपोर्ट्स के बारे में चर्चा करना वे उतने अच्छे नहीं हैं। भले ही उनके पास मेडिकल जानकारी हो, लेकिन वे एक असली डॉक्टर की तरह स्वाभाविक और व्यक्तिगत रूप से बात करने में कभी-कभी कमजोर पड़ जाते हैं। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स चैटबॉट को संचालित करने वाले बड़े-भाषा मॉडल (एलएलएम) के बीमारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं में इनका इस्तेमाल करने से पहले मूल्यांकन के लिए सलाह भी दी है।

दरअसल, एलएलएम को विशाल टेक्स्ट डाटासेट पर प्रशिक्षित किया जाता है और इस तरह से ये उपयोगकर्ता के अनुरोधों का प्राकृतिक भाषा में जवाब दे सकते हैं। शोधकर्ताओं ने क्राफ्ट- एमडी नाम का तरीका अपनाकर जांचा कि जीपीटी-4 और मिस्ट्रल जैसे एआई टूल्स मेडिकल बातचीत में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इस तरीके से एआई के लक्षण, दवाइयां और पारिवारिक इतिहास जैसी जानकारी इकट्ठा करने और सही निदान देने की क्षमता का परीक्षण किया गया। शोधकर्ताओं ने असल जिंदगी की स्थितियों को लेकर एआई टूल्स को परखा। इसके लिए एआई को 2,000 सामान्य बीमारियों और 12 मेडिकल विशेषज्ञताओं के उदाहरण दिए गए। इसमें एआई को मरीज की भूमिका में रखकर सवालों का जवाब देना था। इस दौरान एक अन्य एआई इन एआई टूल्स के दिए निदानों को ग्रेड दिया। इसके बाद इंसानी विशेषज्ञों ने जांचा कि एआई ने कितनी सटीक जानकारी इकट्ठा की, कितना सही निदान किया और निर्देशों का कितना पालन किया।

## पूरे उत्तर भारत में प्रचंड शीतलहर



**नई दिल्ली.**

नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही पूरा उत्तर भारत प्रचंड शीतलहर की चपेट में है। पहाड़ी राज्यों मे बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं और गिरते तापमान ने गलन बढ़ा दी है। कश्मीर में शीतलहर तेज हो गई है। दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट देखी गई।

राजस्थान के कुछ हिस्सों के साथ पड़ोसी राज्यों हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हरियाणा, राजस्थान, बंगाल, बिहार में घना कोहरा छाया रहा। पश्चिमी विक्षोभ अभी अफगानिस्तान के ऊपर बना हुआ है। इससे पांच और छह जनवरी को उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी भागों में बूंदाबांदी की भी संभावना है। पिछले तीन दिनों से जारी गलन और सर्द हवाओं के बीच बुधवार दोपहर बाद कई जिलों में सूर्यदेव के दर्शन हुए। हालांकि, ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग ने तीन जनवरी से मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और बरेली सहित कई जिलों में तीन जनवरी सुबह साढ़े आठ बजे तक शीतल दिवस का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मध्य प्रदेश में अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में सामान्य से तीन-चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। शहडोल के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ, यह प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग ने 14 जिलों में शीतल दिन की चेतावनी जारी की है।

## मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में आज बस्तर बंद

**रायपुर.**

जहां एक तरफ छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में आज पूरा बस्तर बंद है। वहीं छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया है। बीते शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस ने एक ठेकेदार के परिसर में सेप्टिक टैंक से एक लापता पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया था।

मुकेश चंद्राकर 'बस्तर जंक्शन' के नाम से यूट्यूब चैनल चलाते थे तथा वह एनडीटीवी से भी जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि जिस परिसर से पत्रकार का शव बरामद किया गया है वह परिसर ठेकेदार सुरेश चंद्राकर का है।

परिसर में बैडमिंटन कोर्ट और नौकरों के लिए क्वार्टर है। पुलिस ने बताया था कि बीजापुर निवासी पत्रकार मुकेश चंद्राकर बीते एक जनवरी की रात से अपने घर से लापता थे। इस संबंध में उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। वहीं मुकेश चंद्राकर के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल का गठन किया गया तथा उनकी खोज शुरू की गई। पीड़ित के मोबाइल नंबर के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि मुकेश चंद्राकर ठेकेदार के परिसर में मौजूद थे। पुलिस ने आज चट्टानपारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में सेप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद कर लिया। इधर राज्य के सीएम विष्णुदेव साय ने भी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर आज कहा कि, "बीजापुर के युवा



और समर्पित पत्रकार मुकेश चंद्राकर जी की हत्या का समाचार अत्यंत दु:खद और हृदयविदारक है। मुकेश जी का जाना पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस घटना के अपराधी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने के निर्देश हमने दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करें। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय पत्रकारों ने बताया कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने कुछ समय पहले एक सड़क निर्माण को लेकर खबर प्रसारित की थी जिसके बाद से ही ठेकेदार सुरेश चंद्राकर और पत्रकार के मध्य अनबन होने लगी थी।

## अकाल विश्वविद्यालय में 'मनमोहन सिंह चेयर' की स्थापना

**नई दिल्ली.**

कलगीधर सोसाइटी बड़ू साहिब ने अकाल यूनिवर्सिटी में 'डॉ. मनमोहन सिंह चेयर इन डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स' की स्थापना की है। बड़ू साहिब की ओर से यह पहल पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में की गई है। पंजाब के अकाल विश्वविद्यालय तलवंडी साबो में 'विकास अर्थशास्त्र में डॉ. मनमोहन सिंह चेयर' की स्थापना की गई है

अकादमिक क्षेत्र में डॉ. संह के अपार योगदान और समाज और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को मान्यता देते हए, कलगीधर सोसाइट बड़ू साहब ने अकाल विश्ववविद्यालय, तलवंडी साबो (पंजाब) में 'डॉ. मनमोहन संह चेयर इन डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स' की स्थापना करने का निर्णय लया है।

यह चेयर उनके दूरदर्शी विचारों पर उनत शोध करेगी आर्थिक विकास की गहन समझ को बढ़ावा देगी और भावी पीढ़ियों को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करेगी।

कलगीधर सोसाइटी जिसे 'बड़ू साहिब' के नाम से भी जाना जाता है, एक गैर-लाभकारी धर्मार्थ संगठन है जो 130 अकाल अकादमियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कम लागत वाली शिक्षा प्रदान करने, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित है।



> पूर्व पीएम के दूरदर्शी विचारों को मिलेगा बढ़ावा

### एक बेहतर और अधिक समतापूर्ण समाज बनाना है

सामाजिक-आर्थिक उत्थान की दृष्टि से स्थापित यह संस्था अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से बदलने में सहायक हो रही है। दो विश्वविद्यालयों सहित कई शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं और सामाजिक सेवा परयोजनाओं की संचालित करती है, जिसका उदेश्य एक बेहतर और अधिक समतापूर्ण समाज बनाना है।

## आंदोलन के बीच बीपीएससी ले रहा 70वीं पीटी परीक्षा

**पटना.**

बिहार लोक सेवा आयोग आज यानी शनिवार को 70वीं पीटी परीक्षा ले रहा है। यह 13 दिसंबर को बापू परीक्षा परिसर में ली गई थी। लेकिन, गड़बड़ी होने के कारण हंगामा हुआ था। विवाद बढ़ा तो बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर में ली गई परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। आज यह परीक्षा एक ही शिफ्ट में ली जा रही है। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। करीब 12 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पटना में ही यह परीक्षा ली जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से 22 सेंटर बनाये गये हैं। कहीं किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए एक दिन पहले पूरी गाइडलाइन जारी कर दी गई थी।

पटना जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि परीक्षा केंद्र पर गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। सभी परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक 22 परीक्षा केंद्रों पर कुल 24 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 22 जोनल मजिस्ट्रेट, सात उड़नदस्ता दल को तैनात किया गया है। सशस्त्र बलों को भी तैनात किया गया है।



### सभी सेंटर पर हुई परीक्षा को रद्द कराने की मांग

13 दिसंबर को 912 सेंटर पर 70वीं पीटी परीक्षा हुई थी। बापू परीक्षा परिसर पर हुई गड़बड़ी के बाद यहां एग्जाम रद्द कर दिया गया। इसके बाद अभ्यर्थी आक्रोशित हो गये। वह सभी सेंटर पर परीक्षा रद्द करने की मांग करने लगे। बात इतनी बढ़ गई कि अभ्यर्थी धरना देने के गर्दनीबाग में बैठ गये। पिछले 15 दिनों से लगातार प्रदर्शन हो रहा। इतना ही नहीं विपक्ष के नेता भी इस प्रदर्शन में कूद पड़े। दो दिन पूरे बिहार में चक्का जाम हुआ। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पिछले तीन दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। पप्पू यादव ने भी लड़ाई जारी रखने का एलान किया है। सभी लोग परीक्षा रद्द कराने और री-एग्जाम की मांग कर रहे हैं।


